रविवार, 26 अक्टूबर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 34 |
| आर्द्रता | 62% |
| सूर्योदय: 5:37 | सूर्यास्त: 17:04 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



रोहित और कोहली ने दिखाया जलवा, भारत की ऑस्ट्रेलिया पर बड़ी जीत पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : संबंध एक ऐसा वृक्ष है जो प्रेम से झुक जाता है और उपेक्षा से टूट जाता है।






**पटना :** छठ पूजा के पहले दिन श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान

## पाकिस्तान के लिए लोकतंत्र की अवधारणा बाहरी है, उसे कब्जे वाले क्षेत्रों में दमन बंद करना चाहिए: भारत

**संयुक्त राष्ट्र :** भारत ने पाकिस्तान के लिए लोकतंत्र को एक बाहरी अवधारणा बताते हुए उससे अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों को रोकने का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शुक्रवार को 'यूनाइटेड नेशंस ऑर्गेनाइजेशन: लुकिंग इंटू फ्यूचर' विषय पर आयोजित खुली बहस में पाकिस्तानी दूत के उल्लेखों का जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि व राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक ढांचे के अनुसार अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से जानते हैं कि ये



(लोकतांत्रिक) अवधारणाएं पाकिस्तान के लिए बाहरी हैं। दूत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न व अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। हरीश ने कहा, हम पाकिस्तान से अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्रों में मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन को रोकने का आह्वान करते हैं, जहां की जनता पाकिस्तान के सैन्य कब्जे, दमन, क्रूरता व संसाधनों के अवैध दोहन के खिलाफ खुला विद्रोह कर रही है।

मुख्यमंत्री ममता ने अस्पतालों में सख्त सुरक्षा के दिए निर्देश, कहा...

# 'अस्पताल में सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी'

**मरीजों-डॉक्टरों की सुरक्षा होगी प्राथमिकता, अधिकारियों से मांगे गए विस्तृत एक्शन प्लान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों, डॉक्टरों और आगंतुकों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, हाल ही में, कोलकाता और उलूबेरिया के अस्पतालों में नाबालिग लड़की और महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ की घटनाओं के बाद सरकार ने यह निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को फोन पर हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों से कहा कि किसी भी अस्पताल में सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



उन्होंने साफ चेतावनी दी कि इलाज के लिए आने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ उत्पीड़न या बदसलूकी के मामलों पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव मनोज पंत ने की। इसमें राज्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, डीजीपी राजीव कुमार, स्वास्थ्य सचिव एन. एस. निगम, और राज्य के सभी जिलाधिकारियों व पुलिस अधीक्षकों सहित सरकारी अस्पतालों के अधीक्षक और मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य शामिल हुए। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द एक विस्तृत एक्शन प्लान तैयार कर सरकार को सौंपें, ताकि अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। सरकार ने कुछ प्रमुख कदमों की रूपरेखा तय की है, अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे हर समय चालू रहें, कोई कैमरा खराब मिले तो तुरंत बदला जाए। इसके तहत अस्पताल परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो। नए कर्मचारियों की भर्ती से पहले उनका पिछला रिकॉर्ड ठीक से जांचा जाए। सभी कर्मचारियों के लिए यूनिफॉर्म अनिवार्य की जाए और ड्यूटी रोस्टर सख्ती से लागू हो, ताकि यह साफ रहे कि कौन कब अस्पताल में मौजूद है। सुरक्षा कर्मियों और स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि वे ऐसी घटनाओं को रोक सकें। इस बैठक में यह भी तय हुआ कि सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी नियमित रूप से की जाएगी और किसी भी लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी।

## ट्रंप एशिया की यात्रा पर, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मिलेंगे

**एयर फोर्स वन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने इस कार्यकाल में पहली बार एशिया की यात्रा पर हैं। इस यात्रा के दौरान ट्रंप के निवेश समझौतों और शांति प्रयासों पर चर्चा करने की उम्मीद है। ट्रंप अपनी एशिया यात्रा के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से आमने-सामने की मुलाकात करेंगे और व्यापार संबंधी जटिलताओं को कम करने की कोशिश करेंगे।

## अभिनेता सतीश शाह का 74 वर्ष की आयु में निधन



**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता सतीश शाह का शनिवार को निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। शाह के प्रबंधक ने यह जानकारी दी। शाह को फिल्म ''जाने भी दो यारो'', ''मैं हूं ना'' और मशहूर टीवी शो ''साराभाई वर्सेज साराभाई'' में दर्शकों को हंसाने के लिए खास तौर पर सराहा जाता है। सतीश शाह का अंतिम संस्कार रविवार को पवन हंस श्मशान घाट पर किया जाएगा। तीस से ज्यादा वर्षों से सतीश शाह के निजी सहायक रहे रमेश कडातला ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अभिनेता का दोपहर के समय बांद्रा पूर्वी स्थित उनके आवास पर निधन हो गया।

**प्रधानमंत्री मोदी ने अभिनेता के निधन पर शोक व्यक्त किया**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अभिनेता सतीश शाह के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनके सहज हास्य ने अनगिनत लोगों के जीवन में हंसी भर दी। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''सतीश शाह जी के निधन से गहरा दुख हुआ। उन्हें भारतीय मनोरंजन जगत के सच्चे दिग्गज के रूप में याद किया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''उनके सहज हास्य और शानदार अभिनय ने अनगिनत लोगों के जीवन में हंसी भर दी। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ऊं शांति।''

## छठी मइया से प्रार्थना है कि बिहार 'जंगलराज' से मुक्त रहे : अमित शाह



**पटना :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव यह तय करेगा कि राज्य में फिर से 'जंगलराज' की वापसी होगी या जनता विकास की राह चुनते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को समर्थन देगी। शाह ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं छठी मइया से प्रार्थना करता हूं कि बिहार हमेशा जंगलराज से मुक्त रहे।'' उन्होंने कहा कि राजग 'पांच पांडवों का गठबंधन' है और इसके शासनकाल में गंभीर अपराधों में उल्लेखनीय कमी आई है। शाह ने दावा किया कि राजग के शासन में हत्या के मामलों में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है और डकैती की घटनाओं में 80 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के समग्र विकास के लिए काम कर रहे हैं, ''लेकिन लालू प्रसाद सिर्फ अपने परिवार का विकास चाहते हैं।'' लालू प्रसाद पर विभिन्न घोटालों में शामिल रहने का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान ''12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले हुए।'' उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, ''बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह।'' गृह मंत्री ने कहा कि राजग सरकार ने बिहार में कई विकास कार्य किए हैं, जबकि लालू प्रसाद ने राज्य में कोई विकास नहीं किया। शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को देश से बाहर निकाला जाना चाहिए और उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाना चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर हमला करते हुए शाह ने कहा कि राहुल बाबा घुसपैठियों को बचाने के लिए 'घुसपैठिए बचाओ यात्रा' निकालकर उनकी रक्षा नहीं कर सकते।









## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 अक्टूबर, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष पंचमी, 30:04 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 10:38 तक, योग : शोभना, 06:43 तक, सूर्योदय: 05:37, सूर्यास्त: 17:04, चन्द्रोदय : 08:47, चन्द्रास्त: 20:18, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 15:34 से 16:59

## साप्ताहिक : राशिफल
## 26-10-25 से 01-11-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ कठिनाई भरा रहेगा। वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इस नए सप्ताह में धन को लेकर कोई दिक्कत नहीं होगी। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आपके लिए अच्छा रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को मेहनत अधिक करनी होगी तभी वह कुछ अच्छे मुकाम को हासिल कर सकेंगे। नौकरी पेशा लोगों को आज अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। विद्यार्थी इस सप्ताह पढ़ाई पर पूरा ध्यान देंगे।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में छोटी-छोटी बात पर नोंक-झोक होती रहेगी। आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। वहीं, गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने गुस्से पर लगाम रखना होगा। धन को लेकर इस सप्ताह थोड़ी समस्या हो सकती है। नौकरी में कार्यरत लोगों को नए सप्ताह में कुछ बदलावों का सामना करना होगा। वहीं नई नौकरी के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। बिजनेस कर रहे लोगों को कुछ नए प्रोजेक्ट ऑफर हो सकते हैं।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह सप्ताह आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने रिश्ते को थोड़ा संभालने की आवश्यकता है। वैवाहिक जीवन इस सप्ताह बेहतर रहेगा। आपको इस सप्ताह अपने खर्चों को कम करने पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको अपनी इनकम के सोर्स पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए। आपको किसी को उधार देने से बचना चाहिए। बिजनेस कर रहे लोगों के लिए के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। उन्हें इस सप्ताह मेहनत अधिक करनी होगी।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह कुछ उलझने रहेंगी और पारिवारिक सदस्यों में अनबन के चलते लड़ाई झगड़ा बढ़ेंगे। धन को लेकर इस सप्ताह आपको ज्यादा परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। निवेश के लेकर भी कोई बड़ी प्लानिंग कर सकते हैं। आप इस सप्ताह किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। बिजनेस कर रहे लोगों को मेहनत अधिक करनी होगी। आप यदि किसी से धन संबंधित मदद मांगेंगे तब वह भी आसानी से पूरी होगी।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ उलझन भरा रहने वाला है। आपको प्रेम जीवन में कुछ भी ऐसा नहीं करना है, जिससे मनमुटाव हो। वैवाहिक जीवन में अपने साथी पर भरोसा बनाएं रखें। आपको इस सप्ताह थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको इस सप्ताह अपने कामों में लापरवाही के कारण टेंशन रहेगी। कुछ खर्चा आपके सिर दर्द बनेंगे और ना चाहते हुए भी धन खर्च करना होगा। निवेश के लिए भी प्लानिंग की जरूरत है। बिजनेस कर रहे लोगों को नए सप्ताह में कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ असमंजस भरा रहने वाला है। प्रेम जीवन के लोगों को इस सप्ताह कुछ बेवजह की बातें परेशान करेंगी। वैवाहिक जीवन में किसी बाहरी व्यक्ति के चलते समस्याएं आ सकती हैं। नौकरी में आपको कोई भी काम बहुत सोच-विचार करना होगा। बिजनेस की बात करें तो आपके सहयोगी साथ देंगे, जिससे आपको खुशी होगी। विद्यार्थी इस सप्ताह अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता देंगे और मेहनत करेंगे। इस सप्ताह आपके पास काम की अधिकता रहेगी, जिससे चिड़चिड़ापन बढ़ेगा।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम जीवन में लगे लोग इस सप्ताह अपने साथी के साथ समय बताएं जिससे एकदूसरे को बेहतर तरीके से जान पाएंगे। गृहस्थ जीवन में अपने साथी की बातों पर ध्यान देना होगा आपको अपने खर्चों के साथ-साथ अपनी सेविंग के लिए भी योजना बनानी होगी। लॉन्ग टर्म के लिए निवेश करना बेहतर रहेगा। प्रॉपर्टी को लेकर भी अच्छा धन खर्च करेंगे। इस सप्ताह बिजनेस में किसी काम को लेकर ओवरकॉन्फिडेंट बनना नुकसानदेह साबित होगा।




**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** यह सप्ताह आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आपको अपने साथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। गृहस्थ जीवन में भी आपको उनका ख्याल रखना होगा। धन को लेकर आपको इस सप्ताह थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप किसी प्रॉपर्टी आदि में निवेश करने की प्लानिंग करेंगे। इस सबके साथ-साथ अपनी सेविंग को लेकर भी योजना बनाएं। बिजनेस में इस सप्ताह आपके हाथ कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आपको अपनी नौकरी में खुशखबरी मिल सकती है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ कमजोर रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने रिश्तों में गहराई लाएं, वरना नुकसान हो सकता है। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह खुशियां आएंगी। आपको इस सप्ताह अपने खर्चों का लेखा-जोखा रखना होगा और शेयर मार्केट में तभी निवेश करें, जब आप मार्केट की चाल को समझ सकें। अपने धन के निवेश को लेकर संयम बरतें, तभी लाभ होगा। वहीं, बिजनेस में इस सप्ताह आपको बहुत ही सूझबूझ से आगे बढ़ना होगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने साथी के साथ मेलजोल बढाएं। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह छोटी-मोटी बातों को लेकर प्रतिष्ठा का प्रश्न ना बनाएं। इस सप्ताह आपको अपने खर्चों को कंट्रोल करने की आवश्यकता है। आप जल्दबाजी में कोई काम ना करें। किसी भी प्रकार का लेनदेन करने से पहले लिखा पढ़ी अवश्य करें। बिजनेस में सप्ताह आपको सोच समझकर कामों को करना होगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी से कोई भी बात कहने में सोच विचार करें। शादीशुदा लोगों तो थोड़ी सावधानी बरतनी होगी, वरना मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है। धन को लेकर आपको अत्यधिक खर्च करने से बचना होगा और आप निवेश संबंधी किसी भी मामले को लेकर किसी अजनबी से कोई राय नहीं लें। आप इस सप्ताह किसी से कोई वादा कर सकते हैं। बिजनेस कर रहे लोगों के लिए सप्ताह कामयाबी लेकर आ रहा है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यमरूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों का रिश्ता सप्ताह थोड़ा कमजोर रहेगा क्योंकि कोई बाहरी व्यक्ति आपके रिश्ते में कुछ गलतफहमियों को बढ़ाएगा। वैवाहिक जीवन में दोनों एक दूसरे का पूरा साथ देंगे और आपको यदि कोई समस्या होगी तो उसे भी आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे। इस सप्ताह आपको धन को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा क्योंकि आपकी कुछ छोटी-मोटी समस्याएं बढ़ेंगी। अपने फिजूल खर्चों पर लगाम लगाएं।

# यह चुनाव तय करेगा कि बिहार में 'जंगलराज' लौटेगा या विकास कायम रहेगा : अमित शाह




**खगड़िया/ नालंदा :** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय की वह गौरवगाथा पुनर्स्थापित की है, जिसे आज 100 बख्तियार खिलजी भी मिटा नहीं सकते। बिहारशरीफ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी दावा किया कि वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की बदौलत ही चुनाव दो चरणों में हो पा रहे हैं, और अगर जनता इसे एक और मौका दे तो अगली बार बिहार में चुनाव एक ही चरण में संपन्न होंगे। शाह ने विपक्षी नेताओं जैसे लालू प्रसाद, राहुल गांधी, ममता बनर्जी व मायावती को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के फैसले के खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि मोदी-सरकार ने बिहार को नक्सलवाद से मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि अब जंगल राज की वापसी नहीं होने देंगे और विकास-प्रदर्शन के आधार पर सरकार का चुनाव किया जाना चाहिए। इससे पहले खगड़िया जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव यह तय करेगा कि राज्य में 'जंगलराज' वापस आएगा या यह विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता रहेगा। शाह ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का विरोध करने को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधा और कहा कि "हर एक घुसपैठिये का पता लगाया जाएगा, मतदाता सूची से उनका नाम हटाया जाएगा और ऐसे लोगों को उनके देशों में वापस भेजा जाएगा।" लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा, "राहुल बाबा कहते हैं कि घुसपैठियों को बिहार में रहने दिया जाए। आप बताइए, क्या हमें घुसपैठियों को रहने देना चाहिए? चाहे वह जितनी भी रैलियां कर लें 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' निकाल लें, वह घुसपैठियों को बचा नहीं सकते।"

## निवेश लाकर, फैक्ट्रियां स्थापित कर बिहार को अग्रणी राज्य बनाएंगे: तेजस्वी



**खगड़िया/भोजपुर :** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने शनिवार को कहा कि यदि गठबंधन की सरकार बनी, तो निवेश आकर्षित कर और फैक्ट्रियां स्थापित कर बिहार को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे। खगड़िया जिले के परबत्ता और अलौली, तथा भोजपुर जिले के शाहपुर में लगातार सभाओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि उनकी लड़ाई केवल सत्ता हासिल करने की नहीं, बल्कि राज्य के समग्र विकास की है। तेजस्वी ने कहा, "हमें बिहार को 'नंबर-वन' बनाना है, जिसके लिए निवेश लाना होगा, शिक्षा को बढ़ावा देना होगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना होगा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा यह कहकर बहाने बनाती है कि बिहार में भूमि की कमी है, इसलिए उद्योग नहीं लग सकते। तेजस्वी ने दावा किया कि उनकी सरकार राज्य में उद्योग स्थापित करेगी और बिहार को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाएंगे।

## झारखंड में 29-30 अक्टूबर को भारी बारिश की चेतावनी

**रांची :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बंगाल की खाड़ी में बनने वाले आगामी चक्रवात के प्रभाव के तहत 29-30 अक्टूबर को झारखंड में भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 29 और 30 अक्टूबर को सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और सिंहभूम के लिए भारी बारिश का 'येलो' अलर्ट जारी किया गया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने पीटीआई-भाषा को बताया, आगामी चक्रवात के प्रभाव से मौसम में बदलाव की उम्मीद है। 28 अक्टूबर को हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि 29 और 30 अक्टूबर को पूरे राज्य में व्यापक बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि 27 अक्टूबर तक दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में एक गहरे दबाव का क्षेत्र चक्रवात में तब्दील हो सकता है।

## राजस्थान: डीजीपी ने गिरोह, कुख्यात अपराधियों के खिलाफ राज्य स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए



**जयपुर :** राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में सक्रिय आपराधिक गिरोह और कुख्यात अपराधियों के खिलाफ राज्य-स्तरीय अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस की कतई बदार्शत नहीं करने की नीति (जीरो टॉलरेंस) जारी रहेगी। पुलिस मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीजीपी शर्मा ने सभी जिला पुलिस प्रमुखों को आदेश दिया कि धमकी, जबरन वसूली, गोलीबारी, हत्या और अन्य गंभीर अपराधों में शामिल गिरोह तथा उनके सरगनाओं पर तुरंत और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आधिकारिक बयान के अनुसार, डीजीपी ने कहा, "अपराधियों को हतोत्साहित करना और जनता में सुरक्षा की भावना बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए हर पुलिसकर्मी को अपनी पूरी क्षमता से कार्य करना होगा।" उन्होंने कहा कि अब कार्रवाई केवल अपराधियों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे आपराधिक तंत्र को ध्वस्त किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निरीक्षण किया



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर में बनाए जा रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने घरेलू टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के बोर्ड कक्ष में जिला व पुलिस प्रशासन, 'नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड', और हवाई अड्डे का निर्माण कर रही एजेंसी के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की जिसमें परियोजना की प्रगति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन समारोह की तैयारियों पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि यात्रियों को सुरक्षित, सहज और सुगम अनुभव देने के लिए सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं। उन्होंने कहा, "नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रदेश के विकास का प्रतीक बनने जा रहा है। इसके निर्माण में गुणवत्ता, समयबद्धता और बेहतर समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" प्रस्तावित जनसभा और रैली की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभा स्थल पर भूमि समतलीकरण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पुलिस सुरक्षा, पेयजल, शौचालय और अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## कोटा में छात्रावास के कमरे में ओडिशा का नीट अभ्यर्थी मृत मिला

**कोटा :** ओडिशा का 24 वर्षीय नीट अभ्यर्थी कोटा के राजीव गांधी नगर स्थित छात्रावास के कमरे में शनिवार को मृत पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। छात्र की पहचान ओडिशा के गंजाम जिले के अभयपुर निवासी रोशन कुमार पात्रो (24) के रूप में हुई है और वह राजीव गांधी नगर स्थित एक छात्रावास में रहकर एक कोचिंग संस्थान में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहा था। जवाहर नगर थाने के क्षेत्र निरीक्षक रामलक्ष्मण ने बताया कि रोशन शनिवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला। उन्होंने बताया कि वह अपने बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था और उसे उल्टियां भी हुई थीं। अधिकारी ने बताया कि रोशन को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि रोशन की मौत के कारण का पता नहीं लग पाया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रख दिया गया है। अधिकारी के अनुसार, रोशन के परिजन को घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि रोशन 2025 में कोटा आया था और छात्रावास की चौथी मंजिल पर रहता था, जबकि उसका रिश्तेदार भी वहीं पांचवीं मंजिल पर दूसरे कमरे में रहता है।

# नीतीश ने 'इंडिया' गठबंधन पर मुस्लिमों को सिर्फ 'वोट बैंक' समझने का आरोप लगाया



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के नेताओं पर खुद को मुसलमानों का हितैषी बताकर उन्हें सिर्फ "वोट बैंक" समझने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "अब बिहार विधानसभा चुनाव के समय में कुछ लोग फिर से अपने-आप को मुस्लिम समुदाय का हितैषी बताने में जुट गए हैं। ये सब छलावा है। सिर्फ मुस्लिम वर्ग के लोगों का वोट हासिल करने के लिए तरह-तरह के लालच और हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, जबकि उन्हें किसी तरह की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी देने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।" उन्होंने कहा, "हमलोगों की सरकार में आज मुस्लिम समाज के लोगों को उनका पूरा हक मिल रहा है। बिना किसी भेदभाव के उन्हें हर क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व मिल रहा है, जबकि पूर्ववर्ती की सरकारों ने मुस्लिम समुदाय का इस्तेमाल सिर्फ वोट के लिये किया और उन्हें कोई हिस्सेदारी नहीं दी।" मुख्यमंत्री ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा, "आप लोग किसी भ्रम में नहीं रहें। हमारी सरकार ने जो आपके लिए काम किए हैं, उसे याद रखिए और उसी आधार पर तय कीजिए कि अपना वोट किसे देना है।"

## तेजस्वी अब भी लालू प्रसाद की छाया से बाहर नहीं आ पाए हैं: तेज प्रताप



**पटना :** पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने शनिवार को कहा कि उनके छोटे भाई तेजस्वी यादव अब तक पिता लालू प्रसाद की छाया से बाहर नहीं निकल पाए हैं। हसनपुर के विधायक तेज प्रताप ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से निष्कासित किए जाने के बाद जनशक्ति जनता दल का गठन कर लिया था। समर्थकों द्वारा तेजस्वी को 'जननायक' कहे जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि 'जननायक' की उपाधि राम मनोहर लोहिया और कर्पूरी ठाकुर जैसे महापुरुषों से जुड़ी है। तेज प्रताप ने कहा, "लालू प्रसाद भी इस उपाधि के योग्य हैं, लेकिन तेजस्वी की पहचान अभी भी अपने पिता पर टिकी है। जिस दिन वह अपनी अलग पहचान बना लेंगे, मैं स्वयं उन्हें 'जननायक' कहने वाला पहला व्यक्ति बनूंगा।" इस बार हसनपुर से अलग महुआ सीट से चुनाव लड़ रहे तेज प्रताप ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव परिणाम चाहे जो हों, वह न तो पिता की पार्टी में लौटेंगे और न ही किसी अन्य दल में शामिल होंगे।

## अलीगढ़ में मंदिरों की दीवारों पर 'आई लव मोहम्मद' लिखा मिलने से तनाव, आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज




**अलीगढ़ (उप्र) :** अलीगढ़ जिले के लोधा थाना क्षेत्र में शनिवार को दो निकटवर्ती गांवों के पांच मंदिरों की दीवारों पर 'आई लव मोहम्मद' लिखा मिलने के बाद तनाव फैल गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना के बाद पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी और मामले में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, भगवानपुर और बुलाकीगढ़ गांव में मंदिरों की दीवारों पर यह नारा मिलने के बाद भारी पुलिस बल तैनात किया गया और जांच शुरू कर दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नीरज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी फॉरेंसिक विशेषज्ञों और खोजी कुत्तों के साथ घटनास्थलों पर पहुंचे। अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# राजद 2005 में बिहार में मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाने के लिए तैयार नहीं थी: चिराग



**नयी दिल्ली :** लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को दावा किया कि उनके पिता राम विलास पासवान 2005 में बिहार में एक मुस्लिम नेता को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे, लेकिन राष्ट्रीय जनता दल (राजद) इसके लिए राजी नहीं हुई। चिराग ने अल्पसंख्यक समुदाय से अपील करते हुए कहा कि यदि वे बंधुआ वोट बैंक बने रहेंगे, तो उन्हें सम्मान और भागीदारी कैसे मिलेगी। उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 2005 में मेरे नेता मेरे पिता दिवंगत रामविलास पासवान जी ने मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाने के लिए अपनी पार्टी तक कुर्बान कर दी थी – तब भी आपने उनका साथ नहीं दिया।" उन्होंने दावा किया, "राजद 2005 में भी मुस्लिम मुख्यमंत्री के लिए तैयार नहीं थी, आज 2025 में भी न मुस्लिम मुख्यमंत्री देने को तैयार है, न उपमुख्यमंत्री। अगर आप बंधुआ वोट बैंक बनकर रहेंगे, तो सम्मान और भागीदारी कैसे मिलेगी?" चिराग के इस बयान का समर्थन करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, "यह सच है कि 2005 में राम विलास पासवान ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव से मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाने की मांग की थी, लेकिन उनके इनकार के चलते सरकार नहीं बन सकी।" हुसैन ने कहा कि इस बार भी राजद नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री पद स्वयं के लिए रखा है, जबकि मुस्लिम समुदाय की संख्या उनसे काफी अधिक है।

## वर्ग पहेली नं. 3244

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| 6 | 7 | | ■ | 8 | 9 | | ■ | | ■ |
| 10 | | ■ | 11 | | | ■ | 12 | | 13 |
| | ■ | 14 | | ■ | 15 | | | ■ | |
| 16 | 17 | | | 18 | ■ | ■ | 19 | 20 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 21 | | 22 | ■ | 23 | 24 |
| ■ | 25 | | 26 | | ■ | | ■ | 27 | |
| 28 | | ■ | | ■ | 29 | | 30 | ■ | |
| | ■ | 31 | | | | ■ | 32 | | |

*बायें से दायें:-* 2) हड़पना, 4) लतख़ोर, 6) रंगढंग, 8) ग़ुलामी, 10) तालाब, 11) पुत्री, 12) संतान, 14) उपला, 15) अस्वीकृत, 16) दस्तक देना, 19) पेंदा, 21) पहाड़, 23) स्मरण, 25) भयानक, 27) अंधकार, 28) इच्छा, 29) घटिया, 31) मनोव्यथा, 32) मुखिया; ईश्वर.

*ऊपर से नीचे:-* 1) जन्मदिन, 2) रहम, 3) अज्ञानी, 4) पादत्राण, 5) पोला, 7) शत्रुता, 9) विवेकी, 11) आघात से उत्पन्न ध्वनी, 12) साधारण, 13) घमंड, 14) गला, 17) साधु का भिक्षापात्र, 18) मापना, 20) जीवन, 22) आग्रह, 24) उत्साही, 26) उलटी, 28) भारत का एक शहर, 29) जन्मदाता, 30) ख़फ़ा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ■ | बे | का | म | ■ | ना | रा | ज़ | गी |
| रं | ■ | गा | ■ | ज | ल्द | बा | ज़ी | ■ | द |
| तु | ल | ना | ■ | बू | ■ | लि | ■ | ता | ड़ |
| ■ | ड़ | ■ | पा | री | ■ | ग | र | म | ■ |
| आ | क | र्ष | क | ■ | ग़ै | ■ | ह | सी | न |
| पा | प | ■ | ■ | ग | र | द | न | ■ | व |
| ■ | न | सी | ह | त | ■ | ■ | स | र | ल |
| ठी | ■ | ट | ■ | प्रा | प्त | ■ | ह | ■ | गो |
| क | मी | ना | ■ | ण | ■ | अ | न | मो | ल |

## सुडोकू-पहेली-3201

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 2 | | 4 | |
| | 7 | | 8 | | | | 3 | |
| | | | | | | | | |
| | | | 1 | 5 | 3 | | 7 | |
| | | 3 | 6 | | | | | 4 |
| | | | | | | 2 | 6 | |
| | 5 | 6 | | | | | | |
| | 3 | | 4 | 6 | | | | 9 |
| | | | | 7 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3200 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 7 | 5 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 5 | 9 | 3 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 6 |
| 8 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 9 | 7 | 6 | 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |

# तृणमूल कांग्रेस रोहिंग्या घुसपैठियों की बंगाल में बसने में मदद कर रही है : शुभेंदु अधिकारी

## भाजपा नेता का आरोप... 'महिला मुख्यमंत्री के शासन में सुरक्षित नहीं महिलाएं'

**दक्षिण दिनाजपुर :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस रोहिंग्या घुसपैठियों को फर्जी दस्ता-वेज मुहैया कराकर राज्य में बसने में उनकी मदद कर रही है। इस दिन, दक्षिण दिनाजपुर जिले के गंगारामपुर में 'विजय संकल्प' रैली में शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि अगर अगले विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की सरकार को सत्ता से नहीं हटाया गया तो वह दिन दूर नहीं जब राज्य की जनसांख्यिकी बदल जाएगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा भारतीय मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि हम रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ हैं। भाजपा के सत्ता में आने पर उनका पता लगाया



जाएगा। उनके नाम हटाए जाएंगे और उन्हें निर्वासित किया जाएगा। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और वामपंथी दल भाजपा पर मुस्लिम विरोधी होने का आरोप लगाते रहे हैं। विपक्ष के इन दावों के बारे में, भाजपा नेता ने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि हमें मुस्लिम वोट की जरूरत नहीं है, बल्कि मुझे आश्चर्य होता हैं कि हमें उनके (मुस्लिम) वोट क्यों नहीं मिल रहे हैं। मुझे लगता है कि तृणमूल कांग्रेस उन्हें वोटबैंक की राजनीति के लिए इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्या उन्हें मोदीजी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) की सामाजिक कल्याण परियोजनाओं का लाभ नहीं मिला? मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा मुसलमानों सहित हर वर्ग, हर समुदाय के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा भारतीय मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। तृणमूल कांग्रेस के शासन में राज्य में हिंदुओं की संख्या में कमी आने का दावा करते हुए, उन्होंने कहा कि 2027 की जनगणना में हिंदुओं की आबादी 85 प्रतिशत से घटकर 65 प्रतिशत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। हमें आशंका है कि अगर जनसांख्यिकी में बदलाव को नहीं रोका गया तो उनका यहां भी ऐसा ही हश्र होगा। दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म और कई जिलों में महिला चिकित्सा कर्मचारियों एवं एक सरकारी अस्पताल में नाबालिग लड़की से कथित अत्याचार का जिक्र करते हुए भाजपा विधायक ने कहा कि यह शर्मनाक है कि एक महिला मुख्यमंत्री के शासन में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं और बंगाल के लोगों का सिर शर्म से झुक रहा है। उन्होंने कहा कि कामदुनी, आरजी कर से लेकर दुर्गापुर तक, बलात्कारियों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है और वे बंगाल में बेखौफ होकर अपराध कर रहे हैं। इस दौरान, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने भी 'पश्चिम बंगाल को इस अव्यवस्था से बचाने के लिए ममता बनर्जी सरकार को उखाड़ फेंकने' का आह्वान किया।

## सांसद खगेन मुर्मू को मिली नर्सिंग होम से छुट्टी, कहा... 'एनआईए और सीबीआई जांच जरूरी'

**सिलीगुड़ी :** मालदह उत्तर के सांसद खगेन मुर्मू को लगभग 19 दिनों के बाद नर्सिंग होम से छुट्टी मिल गई है। नर्सिंग होम से छुट्टी मिलने के बाद, सांसद खगेन मुर्मू ने कहा कि जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा घटना के पीछे कोई साजिश है या नहीं, यह पता लगाने के लिए एनआईए और सीबीआई जांच जरूरी है। उल्लेखनीय है कि गत 6 अक्टूबर को सांसद खगेन मुर्मू और सिलीगुड़ी के विधायक शंकर घोष पर नागराकाटा के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करते समय हमला हुआ था। घटना के बाद दोनों को घायल अवस्था में चालसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। बाद में, उन्हें बेहतर इलाज के लिए सिलीगुड़ी के एक नर्सिंग होम में स्थानांतरित कर



दिया गया। हालांकि, विधायक शंकर घोष को नर्सिंग होम से कुछ दिनों की छुट्टी मिल गई जबकि सांसद खगेन मुर्मू को शनिवार को नर्सिंग होम से छुट्टी मिली। इसी दिन, भाजपा सिलीगुड़ी संगठनात्मक जिलाध्यक्ष अरुण मंडल ने कहा कि सांसद खगेन मुर्मू को दिल्ली रेफर कर दिया गया है। उन्हें बेहतर इलाज की ज़रूरत है। अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताने के बाद वह जल्द ही दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## नवंबर में प्रकाशित होगी एसएससी परीक्षा के परिणाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) नवंबर के पहले सप्ताह में परीक्षा परिणाम प्रकाशित करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, परिणाम प्रकाशित होने के बाद, प्रमाणपत्र सत्यापन शुरू होगा और फिर साक्षात्कार प्रक्रिया शुरू होगी। इस बार, विशेष पहल की जा रही है ताकि अधिक उम्मीदवारों को साक्षात्कार में मौका मिल सके। प्रत्येक सीट के लिए 1.6 के अनुपात में उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। 2016 में, जब साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था, तब यह अनुपात प्रत्येक सीट के लिए 1.4 था। गौरतलब है कि स्कूल सेवा आयोग की कक्षा 9वीं–10वीं और 11वीं–12वीं के लिए भर्ती परीक्षा 7 और 14 सितंबर को आयोजित की गई थी।

# छठ और जगद्धात्री पूजा के दौरान हावड़ा स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन का डीआरएम निरीक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा रेलवे स्टेशन पर छठ और आगामी जगद्धात्री पूजा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। हावड़ा के डीआरएम विशाल कपूर ने शनिवार को आयोजित प्रेस बैठक में इसकी जानकारी दी। हावड़ा के डीआरएम ने बताया कि स्टेशन पर पहले से ही दो होल्डिंग एरिया तैयार किए गए हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 6500 वर्ग फुट है। प्लेटफार्म पर 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी और अन्य भीड़ प्रबंधन उपायों के कारण यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के समय सुरक्षित और आरामदायक अनुभव मिल रहा है। हावड़ा के डीआरएम ने स्टेशन प्लेटफार्म, परिसर और स्टेशन के पास बने होर्डिंग एरिया का निरीक्षण किया और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने वाली व्यवस्थ-ाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया



कि यह भीड़ प्रबंधन छठ पर्व के दौरान सतत प्रक्रिया है और भारतीय रेलवे, विशेषकर पूर्व रेलवे, प्रमुख स्टेशनों और रणनीतिक बिंदुओं पर विशेष अवसरों और त्योहारों के समय भीड़ प्रबंधन प्रणाली विकसित कर चुकी है, जिसे भविष्य में और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। सांसद ने आगे बताया कि छठ के बाद जगद्धात्री पूजा में भारी भीड़ की संभावना है। इसके मद्देनजर, पूर्व रेलवे ने हर दिन पांच जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी, ताकि चंदननगर और आसपास के पूजा पंडालों में आने वाले यात्रियों की सुविधा और सुगम यात्रा सुनिश्चित हो सके। इस दौरान सीनियर डीसीएम राहुल रंजन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# वंदे भारत एक्सप्रेस के यात्रियों ने छठ गीतों के साथ की सुखद यात्रा

**नई दिल्ली/कोलकाता :** भारतीय रेल की सेमी हाई-स्पीड और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत एक्सप्रेस ने एक बार फिर यात्रियों का दिल जीत लिया। छठ महापर्व के अवसर पर नई दिल्ली और पटना के बीच चल रही विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस में शनिवार को सफर कर रहे यात्रियों के लिए यह यात्रा किसी यादगार



उत्सव से कम नहीं रही। छठ के पारंपरिक गीतों की मधुर धुनों से गूंजती इस विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों ने पूरे रास्ते लोक परंपरा और संस्कृति का आनंद लिया। ट्रेन में बजते छठ गीतों ने माहौल को भक्ति और उल्लास से भर दिया, जिससे घर लौट रहे यात्रियों को अपने परिवार और क्षेत्रीय संस्कृति से एक गहरा भावनात्मक जुड़ाव महसूस हुआ। भारतीय रेल की इस पहल ने त्योहार की भावना को और अधिक जीवंत बना दिया। वंदे भारत एक्सप्रेस अपनी तेज रफ्तार, समयबद्धता और आधुनिक सुविधाओं के लिए जानी जाती है। यात्रियों को इसमें हवाई जहाज जैसी सुविधा और आराम का अनुभव मिलता है। इसमें ऑटोमेटिक स्ला-इडिंग दरवाजे, आरामदायक सीटें, फोल्डेबल स्नैक टेबल, प्रत्येक सीट पर चार्जिंग प्वाइंट, आधुनिक बायो-टॉयलेट, इंफोटेनमेंट सिस्टम और जीपीएस आधारित रियल-टाइम सूचना प्रणाली जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस ट्रेन में स्वदेशी तकनीक से विकसित कवच' प्रणाली भी लगाई गई है, जो टक्कर से बचाव के साथ यात्रा को और सुरक्षित बनाती है। वर्तमान में देशभर में 156 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं परिचालित हैं। वहीं, पटना-नई दिल्ली विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस को त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए विशेष रूप से चलाया जा रहा है, ताकि लोग सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से अपने घरों तक पहुंच सकें और छठ पर्व की खुशियों में शामिल हो सकें।

## रेलवे अपडेट

### जगद्धात्री पूजा के अवसर पर हावड़ा-बंडेल और हावड़ा-वर्दवान के बीच चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** जगद्धात्री पूजा के दौरान चंदननगर में भारी यात्री भीड़ को देखते हुए हावड़ा डिवीजन ने हावड़ा-बंडेल और हावड़ा-वर्दवान रूट पर कई विशेष ईएमयू ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये विशेष ट्रेनें 28 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक नियमित स्टेशनों पर रुकते हुए संचालित होंगी। बंडेल रूट के लिए हावड़ा से पांच जोड़ी ईएमयू विशेष ट्रेनें सुबह और रात के विभिन्न समय पर चलेंगी, जबकि डाउन दिशा में बंडेल से हावड़ा तक भी समान संख्या में ट्रेनें संचालित होंगी। हावड़ा-वर्दवान रूट के लिए एक जोड़ी विशेष ट्रेन हावड़ा से 01:15 बजे और वर्दवान से 22:30 बजे चलेगी। विसर्जन दिवस 2 नवंबर को हावड़ा से 02:35 बजे और बंडेल से 04:00 बजे अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेन भी चलेगी। इसके अतिरिक्त, हावड़ा-मासग्राम लोकल ट्रेन को 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक वर्दवान तक बढ़ाया गया है। इसी अवधि में हावड़ा-वर्दवान रूट की अन्य लोकल और पैसेंजर विशेष ट्रेनें सभी स्टेशनों पर रुकेंगी, जिनमें हुगली, चुचुड़ा, चंदननगर, मानकुंडू, भद्रेश्वर, बैद्यबती, श्रीरामपुर, रिषड़ा, कोन्नागर, हिंदमोटर, उत्तरपाड़ा, बाली, बेलूर और लिलुआ शामिल हैं।

### सियालदह डिवीजन ने विधाननगर रोड स्टेशन पर चार जोड़ी मेल/एक्सप्रेस ट्रेन स्टॉपेज हटाने का निर्णय लिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने विधाननगर रोड स्टेशन पर चार जोड़ी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की स्टॉपेज हटाने की घोषणा की है। यह कदम यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने, ट्रेन संचालन को सुचारू बनाने और स्टेशन प्लेटफार्म पर जगह की कमी को दूर करने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। विधाननगर रोड स्टेशन की सीमित प्लेटफार्म क्षमता और मेल/एक्सप्रेस ट्रेन रुकने के दौरान उत्पन्न होने वाली भीड़ और असुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। गैर-आवश्यक स्टॉपेज हटाने से स्टेशन पर यात्रियों का प्रवाह सुगम होगा और उच्च-घनत्व वाले सेक्शन में ट्रेन संचालन अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा। हटाई गई स्टॉपेज वाली ट्रेनों में 13153/13154 सियालदह-मालदह टाउन गौड़ एक्सप्रेस, 13147/13148 सियालदह-बामनहाट उत्तरबंग एक्सप्रेस, 13149/13150 सियालदह-अलीपुरद्वार कंचनकन्या एक्सप्रेस और 13185/13186 सियालदह-जयनगर गंगासागर एक्सप्रेस शामिल है।

### छठ पूजा के अवसर पर हावड़ा और गोरखपुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा छठ पूजा के अवसर पर हावड़ा और गोरखपुर के बीच एक अतिरिक्त अनारक्षित विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत, 03047 हावड़ा-गोरखपुर अनारक्षित छठ विशेष ट्रेन 26 अक्टूबर को हावड़ा से 16:50 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 10:15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वहीं, 03048 गोरखपुर-हावड़ा अनारक्षित छठ विशेष ट्रेन 27 अक्टूबर को गोरखपुर से 13:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 08:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसिडीह, झाझा, कीउल, बरौनी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सिवान और देवरिया सदर स्टेशनों पर रुकेगी। इस दौरान सुरक्षा के लिए प्लेटफार्मों, फुट-ओवर ब्रिज और स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ कर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि यात्रियों की भीड़ नियंत्रित रहे और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

# छठ पूजा के दौरान गंगा स्नान व डंडी पर्व को लेकर सर्कुलर रेलवे सेवाओं में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन ने आगामी छठ पूजा के अवसर पर गंगा स्नान और डंडी पर्व को देखते हुए 27 और 28 अक्टूबर को सर्कुलर रेलवे सेवाओं में अस्थायी परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। 27 अक्टूबर को किए गए बदलावों के अनुसार कुल 7 सर्कुलर रेलवे ईएमयू लोकल ट्रेनें कोलकाता स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट की जाएंगी और 7 ट्रेनें वहीं से शॉर्ट ओरिजिनेट होंगी। इसके अतिरिक्त, एक ट्रेन बरासात स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। एक ट्रेन सियालदह (नॉर्थ) स्टेशन पर डाइवर्ट होकर शॉर्ट टर्मिनेट होगी, जबकि एक अन्य ट्रेन वहीं से शॉर्ट ओरिजिनेट की जाएगी। दो ट्रेनें



कांकुरगाछी रोड जंक्शन – बालीगंज रूट से होकर माझेरहाट की ओर डाइवर्ट की जाएंगी, जबकि कुछ ट्रेनें बालीगंज स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट की जाएंगी।

**❑ छठ पर्व पर सर्कुलर रेलवे की कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द**

छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए सियालदह डिवीजन ने 27 और 28 अक्टूबर को सर्कुलर रेलवे सेवाओं में विशेष बदलाव किए हैं। इन बदलावों के तहत 27 अक्टूबर को नौ सर्कुलर रेलवे ईएमयू लोकल ट्रेनें (30412, 30416, 30411, 30351, 30451, 31223, 30113, 30116 और 31242) पूरी तरह रद्द रहेंगी। 28 अक्टूबर को भी कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किए गए हैं। इस दिन चार ट्रेनें (30322, 30128, 30324 और 30346) कोलकाता स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट की जाएंगी, जबकि चार ट्रेनें (30145, 30121, 30333 और 30311) वहीं से शॉर्ट ओरिजिनेट होंगी। इसके अलावा, एक ट्रेन (30344) बारासात स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट की जाएगी। ट्रेन संख्या 30142 को कांकुरगाछी रोड जंक्शन-बालीगंज मार्ग से माझेरहाट की ओर डाइवर्ट किया जाएगा। ट्रेन 30511 बालीगंज स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी और ट्रेन 30321 बालीगंज से शॉर्ट ओरिजिनेट होकर कांकुरगाछी रोड मार्ग से चलेगी। साथ ही, ट्रेन 30342 को बालीगंज पर डाइवर्ट कर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा, जबकि ट्रेन 30712 वहीं से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। 28 अक्टूबर को कुल सात सर्कुलर रेलवे ईएमयू लोकल ट्रेनें (30412, 31223, 30113, 30411, 30351, 30116 और 31242) रद्द रहेंगी।

## सियालदह डिवीजन ने जारी रखी व्यापक स्वच्छता और जागरूकता पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने स्टेशन परिसर और यात्रियों के बीच स्वच्छता और जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक गतिविधियां आयोजित की हैं। इस अभियान को रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और यात्रियों की ओर से उत्साही प्रतिक्रिया मिली है। शनिवार को सियालदह डिवीजन के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग ने अपने अधीन विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। प्रमुख गतिविधियों में यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को स्वच्छता के महत्व और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए मास जागरूकता कार्यक्रम और स्वच्छता अभियान शामिल थे। ये गतिविधियां बहरमपुर कोर्ट, नैहाटी जंक्शन, कोलकाता और दमदम जंक्शन



सहित कई स्टेशनों पर आयोजित की गईं। जिनका उद्देश्य यात्रियों के लिए स्वच्छ और हाइजीनिक वातावरण सुनिश्चित करना था। इस अभियान ने सियालदह डिवीजन के ईएनएचएम विभाग के अन्य विभागों के सहयोग से मिलकर स्वच्छ, हरित और सतत रेलवे नेटवर्क के निर्माण में सामूहिक प्रयासों को उजागर किया।

## मालदह टाउन स्टेशन पर 'एक पेड़ – मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**मालदह :** मालदह टाउन स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में शनिवार को एक पेड़ – मां के नाम पहल के तहत वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद और शिक्षा व उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजुमदार ने स्टेशन पर एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मालदह डिवीजन के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता, अतिरिक्त डिविजनल रेलवे मैनेजर शियो कुमार प्रसाद, वरिष्ठ शाखा अधिकारी और डीआरयूसीसी के सदस्य उपस्थित रहे। बाद में सांसद डॉ. मजुमदार ने डिविजनल रेलवे अस्पताल, मालदह में एक औषधीय पौधा भी लगाया, ताकि पर्यावरणीय जागरूकता और हरित, स्वस्थ भविष्य का संदेश फैलाया जा सके। इस मौके पर बोलते हुए सांसद डॉ. सुकांत मजुमदार ने मालदाह डिवीजन के प्रयासों की सराहना की और वृक्षारोपण अभियानों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन को कम करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जनता से अपील की कि वे मिलकर पर्यावरण को अधिक हरा-भरा, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक बनाने में योगदान दें।

# पूर्व रेलवे ने छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए किए विशेष इंतजाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। इसके तहत नियमित ट्रेनों के अलावा विशेष और अनरिजर्व विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं, तथा प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के लिए होर्डिंग एरिया बनाए गए हैं, ताकि ट्रेन के इंतजार के दौरान पर्याप्त जगह और आराम मिल सके। विशेष ट्रेनें अलग-अलग दिशाओं में चलाई जा रही हैं, जबकि सियालदह, हावड़ा, आसनसोल, मधुपुर, जसिडीह, भागलपुर और जमालपुर स्टेशनों पर होर्डिंग एरिया बनाए गए हैं। इन होर्डिंग एरिया में फैंस, रौशनी, पेयजल, सुरक्षा, बैठने की सुविधा और सहायक स्टाफ उपलब्ध हैं। साथ ही, हैंडहेल्ड यूटीएस टर्मिनल



की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्री होर्डिंग एरिया में ही टिकट प्राप्त कर सकें और लंबी कतारों से बच सकें। छठ पर्व के दौरान नियमित लंबी दूरी की ट्रेनों के साथ आरक्षित और अनरिजर्व दोनों प्रकार की विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। अब तक 44 अनरिजर्व विशेष ट्रेनों की घोषणा की जा चुकी है। अतिरिक्त रैक भी तैयार रखे गए हैं, ताकि भीड़ बढ़ने पर तुरंत विशेष ट्रेन चलाई जा सके। 24/25 अक्टूबर की रात हावड़ा से रक्सौल के लिए पूरी तरह अनरिजर्व विशेष ट्रेन चलाई गई। इसी तरह शनिवार को सियालदह से बालिया के लिए अतिरिक्त अनरिजर्व विशेष ट्रेन सुबह 12:05 बजे चलाई गई।

# आरपीएफ ने 'ऑपरेशन आहत' के तहत छह नाबालिग बच्चों को तस्करों के चंगुल से बचाया

**हावड़ा, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत शालीमार आरपीएफ ने 'ऑपरेशन आहत' के तहत छह नाबालिग बच्चों को तस्करों के चंगुल से सुरक्षित निकाल लिया। इन सभी बच्चों को हिफाजत में लेकर चार तस्करों को आरपीएफ ने जीआरपी के हवाले कर दिया, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम हैं मेजारूल शेख, कौशर शेख, रकीबुल शेख और सैयदुल शेख, जो सभी मुर्शिदाबाद जिले के निवासी हैं। जीआरपी आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह शालीमार आरपीएफ इंस्पेक्टर सुशील कुमार सिंह को सूचना मिली कि प्लेटफार्म नंबर तीन पर फुट ओवर ब्रिज के नीचे छह नाबालिग और चार युवक




बैठे हैं। इसके बाद श्री सिंह के नेतृत्व में एएसआई प्रदीप कुमार महापात्रा और एएसआई नगेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और आरोपियों तथा बच्चों से पूछताछ की। पूछताछ में खुलासा हुआ कि बच्चों में चार मुर्शिदाबाद और दो झारखंड के पाकुड़ जिले के रहने वाले हैं। इन बच्चों को ओडिशा के अंगुल और तालचेर में काम कराने के लिए ले जाया जा रहा था, जबकि बच्चों को यह नहीं पता था कि वे कहां जा रहे हैं। आरपीएफ ने बच्चों के परिजनों से संपर्क किया, जिन्हें बच्चों की जानकारी नहीं थी। कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बच्चों और चार तस्करों को जीआरपी के हवाले कर दिया गया। मालूम हो कि हाल ही में शालीमार आरपीएफ ने चार नाबालिग बच्चों को सुरक्षित निकाला था।

## क्लासिक लीजेंड्स का धमाकेदार ऑफर: अभी चलाएं बाइक, 2026 में चुकाएं कीमत!

**कोलकाता, समाज्ञा :** कंपनी क्लासिक लीजेंड्स ने इस त्योहारी सीजन में ग्राहकों के लिए मोटरसाइकिल खरीदना और आसान बना दिया है। कंपनी ने 'अभी चलाएं, 2026 में पैसा चुकाएं' नाम से एक नया ऑफर पेश किया है, जिसके तहत ग्राहक अभी अपनी मनपसंद जावा, येज्दी या बीएसए मोटरसाइकिल घर ले जा सकते हैं और इसकी ईएमआई 2026 से शुरू होगी। यह ऑफर एलएंडटी फाइनेंस के सहयोग से लाया गया है, जिसमें शुरुआती दो महीनों तक केवल ब्याज देना होगा, जबकि नियमित ईएमआई जनवरी 2026 से शुरू होगी। योजना की ब्याज दरें 6.99 प्रतिशत से शुरू होती हैं और तत्काल लोन स्वीकृति की सुविधा भी दी जा रही है। यह ऑफर 30 नवंबर 2025 तक देशभर में 450 से अधिक डीलरशिप पर मान्य है। क्लासिक लीजेंड्स ने बताया कि इस स्कीम का उद्देश्य अधिक से अधिक ग्राहकों को उनकी पसंदीदा मोटरसाइकिल उपलब्ध कराना है। कंपनी की सभी बाइक्स चार साल की वारंटी, रोडसाइड असिस्टेंस और विस्तारित सर्विस पैकेज के साथ दी जा रही हैं।

## ऑटम के पसंदीदा ड्रिंक की वापसी: कोस्टा कॉफी फिर लेकर आया मैपल हेज़ल मेन्यू

**कोलकाता, समाज्ञा :** पिछले साल मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, कोका-कोला कंपनी का कॉफी ब्रांड कोस्टा कॉफी इस शरद ऋतु में फिर से अपना लोकप्रिय मैपल हेज़ल मेन्यू लेकर आया है। हेज़लनट की गाढ़ी मिठास और मैपल के सुनहरे स्वाद का यह सीज़नल मिश्रण हर कप में ऑटम का गर्मजोशी भरा अहसास कराता है। इस मेन्यू में तीन ड्रिंक्स शामिल हैं - मैपल हेज़ल हॉट लैट्टे, आइस्ड लैट्टे और फ्रेपे, जो हर मूड और मौसम के लिए परफेक्ट हैं। कोस्टा कॉफी की हेड, इंडिया, साउथईस्ट एशिया एवं जापान, अपर्णा चोपड़ा ने कहा, ग्राहकों की भारी मांग पर मैपल हेज़ल को फिर से लाना खुशी की बात है। ये ड्रिंक्स जेन ज़ी और मिलेनियल्स के बीच स्वाद और स्टाइल का प्रतीक बन चुके हैं। भारत में 20 साल पूरे करने पर कोस्टा कॉफी देशभर के 200 से अधिक लोकेशंस पर विशेष एक्टिविटीज, लिमिटेड एडिशन कप्स और लाइव बरिस्ता वर्कशॉप्स आयोजित कर रही है।

## कॉग्निजेंट नई दिल्ली मैराथन 2026 का टाइटल स्पॉन्सर बना

**कोलकाता, समाज्ञा :** नई दिल्ली मैराथन 2026 का टाइटल स्पॉन्सर होगा। यह भारत की प्रमुख एम्स -सर्टिफाइड नेशनल मैराथन है, जो एशिया के सबसे लोकप्रिय लंबी दूरी की दौड़ों में से एक है। यह मैराथन 22 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी। अपने 11वें एडिशन में प्रवेश करते हुए, नई दिल्ली मैराथन राष्ट्रीय गौरव और फिटनेस का प्रतीक बन चुकी है। इसमें हर साल 30,000 से अधिक धावक भाग लेते हैं, जिनमें एलीट एथलीट, कॉर्पोरेट टीम और रक्षा कर्मी शामिल हैं। कॉग्निजेंट इंडिया के चेयरमैन और एमडी राजेश वरियर ने कहा, हम इस प्रतिष्ठित इवेंट के टाइटल स्पॉन्सर बनकर गर्व महसूस करते हैं। मैराथन सीमाओं से परे जाकर अदम्य मानवीय भावना का जश्न मनाती है। इवेंट में मैराथन, हाफ मैराथन, 10के और 5के जैसी कैटेगरी होंगी, साथ ही कई सामाजिक पहल को भी सहयोग मिलेगा। रेस का रूट इंडिया गेट, राजपथ और राष्ट्रपति भवन जैसे ऐतिहासिक स्थलों से होकर गुज़रेगा।

## एबॉट का प्रोजेक्ट 'क्षीरसागर' डेयरी फार्मिंग में लाएगा क्रांति, भारत की दूध आपूर्ति को करेगा मजबूत

**कोलकाता, समाज्ञा :** एबॉट का प्रोजेक्ट 'क्षीरसागर' भारत के डेयरी क्षेत्र में परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रहा है। टेक्नोसर्व के साथ साझेदारी में 2022 में शुरू की गई इस पहल का लक्ष्य किसानों को सशक्त बनाना, दूध उत्पादन बढ़ाना और पोषण उत्पादों के लिए मजबूत आपूर्ति श्रृंखला विकसित करना है। वर्तमान में यह परियोजना महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु के 12,000 से अधिक किसानों और 51,000 पशुओं को कवर कर रही है। डेयरी प्रबंधन और वित्तीय साक्षरता पर प्रशिक्षण के साथ-साथ 130 ग्राम-आधारित दूध संग्रह केंद्रों की स्थापना से उत्पादन में 55% की वृद्धि और पशु चिकित्सा लागत में 60% की कमी आई है। एबॉट का लक्ष्य है कि उसके पोषण उत्पादों में प्रयुक्त दूध पाउडर का 60% इन्हीं किसानों से प्राप्त हो। कोलकाता में इसके प्रभाव दिखाई देने लगे हैं-दूध की गुणवत्ता और उपलब्धता में सुधार से उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है और ग्रामीण किसानों को स्थायी आजीविका का नया अवसर प्राप्त हो रहा है।

## सिलीगुड़ी में रोजगार मेला 2.0 का आयोजन, युवाओं के लिए 8,500 से अधिक रोजगार अवसर

**सिलीगुड़ी :** दार्जिलिंग वेलफेयर सोसाइटी (डीडब्ल्यूएस) 15 और 16 नवंबर, 2025 को सिलीगुड़ी के सेल्सियन कॉलेज में रोजगार मेला 2.0 का आयोजन करने जा रही है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर बंगाल और पहाड़ी क्षेत्रों के युवाओं को बेहतर रोजगार अवसर प्रदान करना है। इस मेले में देशभर की 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जिनमें हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा समूह, आईटीसी, विप्रो, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस रिटेल और अपोलो हॉस्पिटल्स जैसी अग्रणी संस्थाएं शामिल हैं। बैंकिंग, रिटेल, आईटी, स्वास्थ्य सेवा और आतिथ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में 8,500 से अधिक पदों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। रोजगार मेला पूरी तरह निःशुल्क है, ताकि सभी पात्र उम्मीदवार समान रूप से इसमें भाग ले सकें। इच्छुक अभ्यर्थी दार्जिलिंग वेलफेयर सोसाइटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। राज्यसभा सांसद श हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि रोजगार मेला 2.0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम है, जो युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर राष्ट्र की मानव पूंजी को सशक्त करेगा।

## गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने लॉन्च किया भारत का पहला 48वी लिथियम-आयन इलेक्ट्रिक हैंड पैलेट ट्रक

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के मैटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट व्यवसाय ने आज जीईपीटी 20 पेश किया, जो भारत का पहला 48वी लिथियम-आयन संचालित इलेक्ट्रिक हैंड पैलेट ट्रक है। यह ट्रक ई-कॉमर्स और रिटेल सेक्टर में वेयरहाउस संचालन को तेज़, सुरक्षित और अधिक कुशल बनाएगा। 2 टन भार क्षमता और 4 घंटे से अधिक रनटाइम के साथ, यह पारंपरिक ट्रकों की तुलना में तीन गुना अधिक उत्पादकता देता है। ग्रुप के बिजनेस हेड अनिल लिंगायत ने कहा कि यह नवाचार भारत के औद्योगिक परिदृश्य में दक्षता और स्थिरता बढ़ाने की दिशा में एक कदम है। उन्नत लिथियम-आयन बैटरी तकनीक इसे तेज चार्जिंग, शून्य रखरखाव और लंबी आयु प्रदान करती है। यह लॉन्च गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की सस्टेनेबल इनोवेशन और हरित लॉजिस्टिक्स के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो देश की आत्मनिर्भर और पर्यावरण-अनुकूल विकास यात्रा को सशक्त बनाएगा।

# चतुर्थी के दिन जारी हुआ चंदननगर जगद्धात्री पूजा का रूट मैप

## मंत्री इंद्रनील सेन और पुलिस कमिश्नर अमित पी. जवालगी ने किया शुभारंभ

**हुगली, समाज्ञा :** विश्व विख्यात चंदननगर जगद्धात्री पूजा के रूट मैप का शुभारंभ चतुर्थी के दिन एक भव्य समारोह में किया गया। चंदननगर बस स्टैंड रोड पर आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त अमित पी. जवालगी की अध्यक्षता रही, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री व स्थानीय विधायक इंद्रनील सेन, कलक्टर मुक्ता आर्य, मेयर राम चक्रवर्ती, तथा पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सफेद-नीले गुब्बारे आकाश में छोड़ने और फीता काटने के साथ रूट मैप का उद्घाटन हुआ। इसके बाद आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इस वर्ष चंदननगर व



मानकुंडू में कुल 220 पूजा अनुमति प्रदान की गई है। दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए 3000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। शहर में सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी, ट्रामा केयर एम्बुलेंस, और 24 घंटे चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था की गई है। दोपहर 2 बजे से सुबह 6 बजे तक नो-एंट्री लागू रहेगी ताकि यातायात में बाधा न हो। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सादे लिबास में महिला पुलिस दस्ता तैनात रहेगा। वहीं, चाइल्ड कार्ड, सीनियर सिटीजन कार्ड और प्रेस कार्ड भी जारी किए गए हैं ताकि भीड़ में पहचान आसान हो सके। पूरे इलाके में 28 पुलिस सहायता केंद्र बनाए गए हैं, और हर जोन में कंट्रोल रूम रहेगा। कार्यक्रम के दौरान सेफ ड्राइव, सेव लाइफ अभियान के तहत ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाली पूजा कमेटियों को 50,000 का चेक और मोमेंटो प्रदान किया गया। 1 नवंबर को जगद्धात्री पूजा कार्निवल विसर्जन का भव्य आयोजन होगा।

# आसनसोल में 350 करोड़ रुपये के चिटफंड घोटाले में तृणमूल नेता का बेटा गिरफ्तार

## झारखंड भागने से पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

**◗ आरोपी के पास से 31 लाख रुपये से अधिक का सोना जब्त**

**आसनसोल :** आसनसोल के एक तृणमूल नेता के बेटे तहसीन अहमद को लगभग 350 करोड़ रुपये के चिटफंड घोटाले में आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वह भागने की फिराक में था। वह झारखंड की ओर जा रहा था। तभी, उसे जाल में फंसा लिया गया। उसके पास से लगभग 250 ग्राम सोना भी बरामद हुआ, जिसकी कीमत वर्तमान में 31 लाख रुपये से ज्यादा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आसनसोल उत्तर थाने की पुलिस ने तहसीन को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर चंद्रचूड़ चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। जांचकर्ताओं के एक सूत्र के अनुसार, तहसीन बस लेकर भागने की फिराक में था। उसकी झारखंड भागने की योजना थी, लेकिन एक गुप्त सूत्र से सूचना मिलने के बाद वह जाल में फंस गया। पश्चिम बर्दवान में तृणमूल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष शकील अहमद के बेटे तहसीन अहमद पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। हालांकि, सत्तारूढ़ तृणमूल का दावा है कि पार्टी का फिलहाल शकील से कोई संपर्क नहीं है। आसनसोल के रेलपाड़ा स्थित जहांगीर मोहल्ला के कई निवासियों ने तहसीन पर अपनी बचत हड़पने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि तहसीन ने उन्हें ज़्यादा रिटर्न का वादा करके ठगा। उसने हर महीने भारी ब्याज देने का वादा किया था। हालांकि, शुरुआत में निवेशकों को फ़ायदा हुआ, लेकिन बाद में खातों में पैसा आना बंद हो गया। इसके बाद, निवेशकों के एक वर्ग ने पिछले बुधवार को तहसीन के घर के सामने पैसे वापस करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। तहसीन अहमद और उसके साथियों के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### सोनारपुर में पटाखा फोड़ने का विरोध करने पर दंपति की पिटाई व छेड़छाड़ का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर में शुक्रवार की रात पटाखा फोड़ने का विरोध करने पर एक दंपति को बेरहमी से पीटा गया और छेड़छाड़ की गई। आरोप है कि दंपति के घर के सामने एक इलेक्ट्रिक स्कूटर रखा था। कुछ लोग इसके ठीक बगल में पटाखे फोड़ रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो शिकायतकर्ताओं का पड़ोसियों से विवाद हो गया। लोगों के एक समूह ने युवक पर हमला कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर उसे बुरी तरह पीटा। पति को मार खाता देख पत्नी मौके पर पहुंची तो कई पुरुषों और कुछ महिलाओं ने उसे भी पीटा। बात यहीं खत्म नहीं हुई, आरोप है कि उस समय कुछ पुरुषों ने महिला के निजी अंगों को भी छुआ, और यहां तकधमकी दी कि अगर उसने पुलिस में शिकायत की, तो उसके साथ दुष्कर्म किया जाएगा और उसके पति को मार दिया जाएगा। शनिवार की सुबह पीड़िता ने सोनारपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### हावड़ा में लोहे की फैक्ट्री में लगी आग, दमकल विभाग की लापरवाही का आरोप

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के डोमजुड़ इलाके में शुक्रवार की देर रात एक लोहे की फैक्ट्री में आग लग गई। प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि दीपावली के दौरान पटाखा फोड़ने से निकली चिंगारी फैक्ट्री परिसर में जा पहुंची, जिससे आग लग गई। मिली जानकारी के अनुसार, घटना के दौरान फैक्ट्री में रखा एक गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया, जिससे आग तेजी से फैल गई और पूरा कारखाना लपटों में घिर गया। आसपास के इलाके में अफ़रा-तफ़री मच गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के करीब दो घंटे बाद भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर नहीं पहुंचीं। लोगों के अनुसार, दमकल की देरी से आग पर काबू पाने में और कठिनाई हुई। नाराज स्थानीय लोगों ने खुद ही पानी की बाल्टियां और पाइप लाकर आग बुझाने की कोशिश की। फिलहाल, आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन फैक्ट्री का अधिकांश हिस्सा जलकर खाक हो गया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस और दमकल विभाग ने आग लगने के सटीक कारण की जांच शुरू कर दी है।

### दांतन में झगड़े के बाद गृहिणी ने की आत्महत्या

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के दांतन ब्लॉक-2 के सौरि बंदुचक गांव में शुक्रवार की देर रात एक विवाहिता ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान रिना बर साऊ (25) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मृतका का अपने पति के साथ कुछ दिनों से घरेलू कारणों को लेकर अनबन चल रही थी। शुक्रवार को पति तपन अपनी बहन के घर गया हुआ था। इसी बीच, घर में अकेली रिना ने शयनकक्ष में फांसी लगाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर बेलदा थाना अंतर्गत जोरागेड़िया फांड़ी की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर महकमा अस्पताल भेज दिया।

### रेलवे ट्रैक से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, ट्रेन से गिरने की आशंका

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के पारुलिया इलाके में शनिवार की सुबह करीब 11 बजे रेलवे ट्रैक पर स्थानीय लोगों ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। जैसे ही खबर फैली, आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए और क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और रेलवे पुलिस के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, यह हादसा ट्रेन से गिरने के कारण हुआ हो सकता है। फिलहाल, शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर महकमा अस्पताल भेज दिया। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है और आस-पास के लोगों से जानकारी जुटा रही है।

## गुड़ाप में राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण सड़क हादसा, तीन कुम्हारों की मौत

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के गुड़ाप में शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों मृतक पेशे से मिट्टी के प्रतिमा बनाने वाले कारीगर थे। हालांकि, पुलिस अभी तक दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहन को नहीं पकड़ पाई है। गुड़ाप थाना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है। इतना ही नहीं, पुलिस राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगे सीसीटीवी की भी जांच कर रही है। तीनों मृतकों की पहचान विभास मंडल (30), निमाई दास (38) और कौशिक मंडल (28) के रूप में हुई है। तीनों 107 वाहन में सवार होकर आसनसोल से हिंगलगंज जा रहे थे। वाहन दुर्गापुर एक्सप्रेसवे पर चल रहा था। इसी दौरान, गुड़ाप थाना अंतर्गत कनजुली इलाके में एक अन्य वाहन ने वाहन के पिछले हिस्से को टक्कर मार दी। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि नियंत्रण खोने के कारण यह दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले बचाव कार्य शुरू किया। तीनों को गंभीर हालत में बर्दवान मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेजा गया। पता चला है कि वहां तीनों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार बिभास का घर उत्तर 24 परगना के हिंगलगंज में है। कौशिक का घर उत्तर 24 परगना के हरोआ थाना क्षेत्र में है। निमाई का घर कोलकाता के रवींद्र सरोवर थाना क्षेत्र में है। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, टक्कर मारने वाले वाहन की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है, फिर भी उसकी तलाश जारी है।

### गोदरेज इंटरियो ने प्रिया मलिक के साथ पेश किया भावनात्मक प्रदर्शन 'घर, घर जैसा होता है'

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोदरेज द्वारा इंटरियो ने अपने 'मोमेंट्स दैट मैटर' अभियान के तहत प्रसिद्ध कहानीकार प्रिया मलिक के साथ मिलकर मुंबई के विक्रोली स्थित 22,000 वर्ग फुट के नए अनुभवात्मक फ्लैगशिप स्टोर के उद्घाटन पर विचारोत्तेजक प्रदर्शन घर, घर जैसा होता है प्रस्तुत किया। इस वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे सोच-समझकर डिजाइन किए गए घर हमारे जीवन के सबसे प्रिय क्षणों का हिस्सा बनते हैं, सुबह की कॉफी की शांति से लेकर परिवार संग डाइनिंग टेबल पर बातचीत की गर्मजोशी तक। रेशु सराफ, गोदरेज इंटरियो की एकीकृत विपणन और संचार प्रमुख ने कहा कि मोमेंट्स दैट मैटर' अभियान फर्नीचर को केवल उपयोगिता नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का माध्यम बनाता है।

## अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ का छठव्रतियों के बीच साड़ी और सूप वितरण समारोह

**हावड़ा, समाज्ञा :** अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ द्वारा छठ पर्व के पावन अवसर पर साड़ी एवं सूप वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शनिवार को लक्ष्मीविलास गार्डन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छठव्रतियों को पूजा सामग्री उपलब्ध कराकर इस महापर्व के प्रति श्रद्धा और आस्था को सम्मान देना था। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रामानुज सिंह, प्रधान सचिव वेद कुमार तिवारी, को-चेयरमैन गंगा सिंह,अजित दुबे ,यशवंत सिंह, राजेंद्र सिंह(महामंत्री) ,अशोक पांडेय, अशोक अग्रवाल, राजेश सिंह, आशुतोष सिंह, राजकपूर तिवारी, ओमप्रकाश सिंह, अजीत सिंह, प्रवीण सिंह, रवि सिंह, लालता सिंह, रोहित सिंह, सौरभ



सिंह, आदित्य विक्रम सिंह, हर्ष विक्रम सिंह, सुजीत सिंह, ओम प्रकाश सिंह, रमेश सिंह, दिनेश कुमार सिंह (खिदीरपुर से) सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही, भारत क्षत्रिय समाज से अरविंद सिंह, मनोज सिंह, सुजीत सिंह, सुनील सिंह, पार्षद उमेश राय , अंजनी राय, संतोष तिवारी,अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज से जयप्रकाश सिंह, शंकर बक्श सिंह, सारनाथ सिंह, आरपी सिंह, राष्ट्रीय बिहारी समाज से ममता सिंह, पार्षद सतेंद्र सिंह, हरिमोहन सिंह, टीटागढ़ क्षत्रिय समाज से नंद सिंह, अनिल सिंह, बीजेपी नेता सुभाष झा उपस्थित रहे।

# मुर्शिदाबाद में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में नाबालिग की मौत, दो अन्य घायल

**मुर्शिदाबाद :** जिले के सागरपाड़ा के खैरामारी सेनपाड़ा इलाके में शुक्रवार की रात दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक नाबालिग की मौत हो गई। जबकि, इस घटना में दो अन्य लोग भी घायल हो गए। घायलों को डोमकल अस्पताल से बरहामपुर मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान मुकुल इस्लाम उर्फरशीकुल (15) के रूप में की गई है। जबकि, घायलों के नाम मनारुल खान और शमसुजोहा मिया है। दोनों डोमकल इलाके के निवासी है। दोनों की हालत गंभीर बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार, रात में मुकुल अपनी बाइक पर खैरामारी इलाके में स्थित अपने घर से भादुरियापाड़ा इलाके में स्थित अपने मामा के घर जा रहा था। दूसरी ओर, डोमकल




निवासी दो लोग सागरपाड़ा की ओर जा रहे थे। इस बीच, जैसे ही वे सेनपाड़ा इलाके में पहुंचे, दोनों बाइक अनियंत्रित हो गईं और आमने-सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। फिर, घायलों को बचाया गया और डोमकल सुपर स्पेशियलिटी अस्प-ताल ले जाया गया, जहां मुकुल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उधर, गंभीर हालत में दो लोगों को इलाज के लिए बरहामपुर मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया गया। फिर, सागरपाड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। दूसरी ओर, डोमकल थाने की पुलिस ने अस्पताल से शव बरामद किया। पूरी घटना की जांच शुरू हो चुकी है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### रेजिनगर में सड़क दुर्घटना में नाबालिग की मौत, पिता व भाई घायल

**मुर्शिदाबाद :** जिले के रेजिनगर थाना अंतर्गत रामपाड़ा 2 ग्राम पंचायत से सटे इलाके में शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग की मौत हो गई। जबकि, घटना में उसके पिता और भाई घायल हो गए। मृतक की पहचान नवाब शेख (17) के रूप में की गई है। घायलों में पिता खबीर शेख और भाई असनबी शेख शामिल है। बताया गया है कि इस दिन, खबीर अपने दो बेटों के साथ मोटर चालित वैन से डीजल लाने जा रहा था। वे रेजिनगर से बेलडांगा की ओर जा रहे थे। उस समय एक 10-पहिया लॉरी ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। परिणामस्वरूप, तीनों इंजन चालित मोटर वैन से छिटक कर गिर गए और लॉरी के कुचलने से नवाब की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही रेजिनगर थाने की पुलिस वहां पहुंची। उन्होंने आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के मुर्दाघर भेज दिया। इस घटना में जिस लॉरी से उसकी मौत हुई, उसे जब्त कर थाने लाया गया है। चालक और खलासी फरार हैं।

## काली पूजा पंडाल खोलते समय हादसा, डेकोरेटर कर्मचारी की करंट लगने से मौत

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के उत्तरपाड़ा में काली पूजा पंडाल खोलने के दौरान शनिवार को पंडाल में काम कर रहे एक डेकोरेटर कर्मचारी की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान दीप चौधरी (32) के रूप में की गई है। वह उत्तरपाड़ा माखला इलाके का निवासी था। मिली जानकारी के अनुसार, उत्तरपाड़ा नगरपालिका के वार्ड 19 में राजा प्यारी मोहन रोड स्थित युथ फोरम काली पूजा कमिटी का पंडाल खोला जा रहा था। दीप चौधरी वहां पंडाल खोलने का काम कर रहे थे। काम के दौरान उनके हाथ ऊपर से गुजर रही बिजली की तार से टकरा गए, जिससे वे तेज करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई और



वे तार से लटक गए। घटना की सूचना मिलते ही उत्तरपाड़ा थाना पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों की मदद से शव को नीचे उतारा गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि बिजली की आपूर्ति चालू रहने के बावजूद पंडाल खोलने का काम क्यों किया जा रहा था। प्रशासन ने घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# रामायण शिक्षा संस्थान ने छठव्रतियों में वितरण की साड़ी

**कोलकाता, समाज्ञा :** टीटागढ़ पुरानी बाजार, वार्ड 10 के महात्मा गाँधी रोड स्थित श्री स्टार क्लब के प्रांगण में शुक्रवार को टीटागढ़ क्षत्रिय समाज के आठवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रामायण शिक्षा संस्थान द्वारा छठव्रतियों के मध्य साड़ी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। राम दरबार का पूजन और आरती के पश्चात् कार्यक्रम का उद्घघाटन मुख्य अतिथि बैरकपुर क्षत्रिय समाज के संस्थापक अध्यक्ष और टीटागढ़ क्षत्रिय समाज के संरक्षक मनोज सिंह आदर्श ने किया। विशेष अतिथि और वार्ड पार्षद शेष नारायण सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। टीटागढ़ क्षत्रिय समाज के संस्थापक अध्यक्ष और रामायण शिक्षा संस्थान के चेयरमैन अनिल कुमार सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और टीटागढ़ क्षत्रिय समाज के संस्थापक



सचिव नन्दजी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर टीटागढ़ क्षत्रिय समाज, अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ, बैरकपुर क्षत्रिय समाज, अखिल विश्व गायत्री परिवार, टीटागढ़ सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी, स्वामी विवेकानन्द अधिकार फाउन्डेशन के प्रतिनिधिमण्डल के साथ संकोच घोष दस्तीदार, जे पी सिंह, गोपाल सिंह, नीतीश सिंह, राणा सिंह, दिनेश सिंह, विनोद सिंह, जितेन्द्र सिंह, डॉ. कृष्णा सिंह, दयानिधि सिंह, तारकनाथ सिंह, शिक्षक कृष्णाजी सिंह, कमलेश सिंह, जमशेद आलम, शेखर, आशीष, दीपक, शम्भू चौधरी, रींकू, मनीष, सुधीर, धर्मेन्द्र, नन्द कुमार राय, मो. राजू और श्री स्टार क्लब के सदस्यों की उपस्थिति एवं भूमिका सराहनीय रही।

## मंत्री अरूप राय ने छठव्रतियों के घर-घर जाकर छठ पूजा सामग्री वितरित की



**हावड़ा, समाज्ञा :** हर साल की तरह इस साल भी राज्य के मंत्री अरूप राय ने छठव्रतियों के बीच अपने हाथों से छठ पूजा की सामग्री बांटी। मंत्री अरूप राय वॉर्ड 29 में घर-घर जाकर लोगों से मिले और उन्हें आवश्यक सामग्री वितरित की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और छठ पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वॉर्ड 29 के पूर्व पार्षद शैलेश राय भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे आगे आएं और उपलब्ध कराई गई सामग्री ग्रहण करें। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और मंत्री द्वारा दी गई सहायता के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को छठ पूजा की आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना और समुदाय के बीच सहयोग और सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना रहा।

# स्तन कैंसर को मात देने वाली महिलाओं ने पिंक कार्पेट पर किया वाक

**❑ स्तन कैंसर के विरुद्ध लड़ाई में एकजुटता व जागरूकता का दिया गया सशक्त संदेश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्तन कैंसर के खिलाफ जागरूकता के लिए एचसीजी कैंसर सेंटर, कोलकाता ने शुक्रवार को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें कैंसर को मात देने वाली कई महिलाओं ने पिंक कार्पेट पर वाक कर सबका दिल जीत लिया। मगध प्रोडक्शन और सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय के सहयोग से साल्टलेक सेक्टर-5 में आयोजित इस कार्यक्रम में स्तन कैंसर के विरुद्ध लड़ाई में एकजुटता व जागरूकता का एक सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कैंसर से उबरने वाली महिलाओं के अलावा कई माडल ने भी वाक किया। इस मौके पर एचसीजी ग्रुप द्वारा सभी प्रतिभागियों को




सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर एचसीजी कैंसर सेंटर, कोलकाता के चीफ आपरेटिंग आफिसर डा अमरजीत सिंह व संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सकगण सहित मगध प्रोडक्शन के आशुतोष कुमार और विभिन्न क्षेत्रों के कई विशिष्ट लोग उपस्थित रहे। स्तन कैंसर जागरूकता माह के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कहा कि कभी छोटा से छोटा चीज भी बड़ी बीमारी का संकेत हो सकता है। इसलिए कोई भी बीमारी को हल्के में या इसे छिपाएं नहीं, बल्कि चिकित्सकों से तुरंत परामर्श लें। शुरुआत में स्तन कैंसर पकड़ में आने से इलाज में सुविधा होती है। मरीज को साइकोलाजिकल और इमोशनल सपोर्ट बहुत जरूरी है।

# देगंगा में घर से मिला व्यक्ति का रक्तरंजित शव, हत्या की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के देगंगा में शनिवार को एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत और रक्तरंजित शव बरामद हुआ। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से किए गए कई घाव पाए गए हैं। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके से एक हथियार बरामद किया है और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। हालांकि, हत्या के पीछे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम बबलू कर्मकार (47) है। वह पेशे से दिहाड़ी मजदूर था और अपने घर में अकेला रहता था। पास के कमरे में उसकी वृद्ध मां रहती हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बबलू की शादी हो चुकी थी, लेकिन उसकी पत्नी उसके साथ नहीं रहती थी। इस दिन, सुबह में जब परिजनों ने उसे आवाज दी और कोई जवाब नहीं मिला, तो कमरे में जाकर देखा कि वह रक्तरंजित बिस्तर पर पड़ा है। कमरे और मच्छरदानी पर खून के छींटे पाए गए। परिवार ने बताया कि बबलू रोज शराब पीता था और उसके दोस्त अक्सर घर पर आते थे। शुक्रवार की रात भी उसका एक दोस्त घर आया था, जिसके साथ वह शराब पी रहा था। पुलिस का अनुमान है कि शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और उसी में उसकी हत्या कर दी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हत्या की सटीक वजह जानने की कोशिश में जुटी है।

# बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे आचार्यश्री तुलसी : मुनिश्री जिनेश कुमार

**❑ आचार्य तुलसी का 112वां जन्मदिवस मना**

**कोलकाता, समाज्ञा :** युगप्रधान आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनि जिनेश कुमार ठाणा-3 के सान्निध्य में अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक राष्ट्रसन्त आचार्य तुलसी का 112वां जन्म दिवस अणुव्रत दिवस के रूप में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता-पूर्वांचल) ट्रस्ट एवं अणुव्रत समिति कोलकाता द्वारा भिक्षु विहार में आयोजित किया गया। धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए मुनि जिनेश कुमार ने कहा कि आचार्य तुलसी देदीप्यमान सूर्य बनकर आए। संयम और तप में पराक्रम कर वे महर्षि, देवर्षि, ब्रह्मर्षि कहलाए। वे साहित्यकार, प्रवचनकार, संगीतकार, गीतकार और धर्मसंघ के सारथि थे। एक महान् परिव्राजक थे वे। मानव उत्थान के लिए



प्रेक्षाध्यान, जीवन विज्ञान, अणुव्रत की त्रिपदी उन्होंने दी, साथ ही नैतिकता, सदभावना और नशामुक्ति का आलोक बांटा। अणुव्रत जीवन का सुरक्षा कवच है, यह धर्म और व्यवहार का सेतु है। जैन विश्व भारती आचार्य तुलसी का कल्पवृक्षतुल्य अभियान है जो सारे संसार को जैन धर्म ता संदेश देता है। मुमुक्षु संस्था, समण श्रेणी, विश्वविद्यालय, ज्ञानशाला, उपासक श्रेणी महान संत के महनीय अलौकिक अवदान हैं। आचार्य तुलसी विश्व के ऐसे महान संत हुए, जिन्होंने आचार्य पद का विसर्जन करके युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ को पद पर बैठाया। इस अवसर पर मुनिश्री कुणाल कुमार जी ने गीतिका प्रस्तुत की। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष नवीन दुगड़ ने स्वागत वक्तव्य दिया। महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुरेश गोयल, कोलकाता सभा के पूर्व अध्यक्ष तेजकरण बोथरा, पूर्वांचल सभा के अध्यक्ष संजय सिंघी, महिला मंडल अध्यक्षा बबीता तातेड़, तेयुप अध्यक्ष राजीव बोथरा, टीपीएफ पूर्व अध्यक्ष मनीष बोथरा ने भी अपने विचार रखे। जैन कला संगम व पूर्वांचल स्वर लहरी ने सुमधुर गीतिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन मुनि परमानन्द ने किया। आभार ज्ञापन सभा के मंत्री पंकज डोसी ने किया।

## मुर्शिदाबाद में पुलिस अधिकारी के घर पर चोरी, खिड़की तोड़कर 20 लाख के आभूषण लूटे

**मुर्शिदाबाद :** जिले के नोउदा थाना इलाके में खुद एक पुलिस अधिकारी के घर में चोरी का घटना सामने आई है। बदमाशों ने घर की खिड़की तोड़कर करीब 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर लूट लिए। आरोप है कि इसके साथ कांसे के बर्तन भी चोरी हो गए। चोरी हुए जेवरों में काली मंदिर की एक देवी के सोने के जेवर भी शामिल हैं। पता चला है कि पीड़ित एसएसआई तुहिन सान्याल, जिनकी पोस्टिंग नोउदा थाने में नहीं, बल्कि कहीं और है। बताया गया है कि हाल ही में, काली पूजा के अवसर पर इलाके के मंदिर की देवी काली को ढेर सारे जेवर चढ़ाए गए थे। पूजा के बाद, उन्हें देवी से उतारकर तुहिन के घर में रख दिया गया था। इसके अलावा, उनके अपने जेवर भी नीचे अलमारी में रखे थे। दो मंजिला घर के नीचली मंजिल



में कोई नहीं रहता। तुहिन की मां समेत पूरा परिवार दूसरी मंजिल पर था। कथित तौर पर, बदमाशों ने उस रात का फायदा उठाकर खिड़की तोड़कर सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। तुहिन सान्याल की मां गौरी सान्याल ने नोउदा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि चोरी हुए सोने के गहनों की कीमत 15 से 20 लाख रुपये है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है।

# लोक परंपरा : छठी मइया आइले अंगना हमार



डॉ घनश्याम बादल



एक भारत, अनेक रंग, और इन रंगों की भी अनेक छवियां, छवियों के अंदर बसी हुई एक से बढ़कर एक लोक-छवि । ऐसी ही लोकछवि की जीवंत प्रतिमूर्ति है छठ का पर्व। इस देश में त्योहार केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवनउत्सव हैं। ये प्रकृति से जोड़ते हैं, समाज को एक करते हैं और जीवन में संतुलन लाते हैं। छठ पूजा, न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है बल्कि सामाजिक समरसता, आत्म-संयम और पर्यावरण संरक्षण का भी पर्व है। बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश से चला यह पर्व अब दुनिया के कई देशों में दुनिया में भारतीय लोकजीवन की पहचान बन रहा है। आज छठ पूजा मुंबई, दिल्ली, दुबई, नेपाल, फिजी, गायना मॉरीशस, लंदन और न्यूयॉर्क तक पहुँच कर प्रवासी भारतीयों के लिए अपनी मिट्टी से जुड़ने का सेतु बन गई है।

वैदिक युग से लोक आस्था तक

छठ पूजा कोई नया नया सृजित लोक पर्व नहीं सूर्य उपासना का अत्यंत प्राचीन त्यौहार है । ऋग्वेद में सूर्य उपासना जीवनदाता, रोगनाशक और ऊर्जा का स्रोत कहा गया है तो महाभारत में द्रौपदी द्वारा सूर्य देव की आराधना का प्रसंग मिलता है, वहीं रामायण में भी उल्लेख है कि माता सीता ने अयोध्या लौटने के बाद कार्तिक शुक्ल षष्ठी के दिन सूर्य पूजा की थी। लोक परंपरा के अनुसार छठी मइया संतान, स्वास्थ्य और समृद्धि की अधिष्ठात्री देवी हैं। कह सकते हैं कि छठ का पर्व वैदिक परंपरा, पुराणकथा और लोकआस्था तीनों का अद्भुत संगम है।

## प्रतीक पर्व

छठ पूजा की मुख्य आराधना सूर्य उपासना है और सूर्य प्रकाश, ऊर्जा और जीवन के प्रतीक हैं। जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देना केवल धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं अपितु आत्म-शुद्धि और कृतज्ञता की भावना है जो इस बात का प्रतीक है कि जीवन में उत्थान, पतन दोनों ही स्थितियों में ईश्वर का आभार व्यक्त करना चाहिए। डूबते सूर्य को अर्घ्य देना त्याग और स्वीकृति का प्रतीक है, तो उगते सूर्य को अर्घ्य देना नवजीवन और आशा का प्रतीक है ।

## आध्यात्मिक महत्व

आध्यात्मिक दृष्टि से भी छठपर्व आत्म-अनुशासन और संयम की साधना है। उपवास, मौन, और पवित्रता के माध्यम से व्रती मन, वचन और कर्म की शुद्धि करते हैं। इस तरह छठ का व्रत भीतर से प्रकाशमान करता है।

## छठ का यह व्रत लगातार चार दिन तक चलता है

**पहला दिन:** नहाय-खाय छठ के व्रत में पहले दिन व्रती स्नान के बाद सात्विक भोजन करते हैं। यह शारीरिक और मानसिक शुद्धि की शुरुआत होती है।

**दूसरा दिन खरना :** दूसरे दिन सूर्यास्त के बाद गुड़-चावल और दूध से बना प्रसाद ग्रहण किया जाता है। इसके बाद व्रती रातभर उपवास रखते हैं।

**तीसरा दिन संध्या अर्घ्य :** तीसरे दिन व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। घाटों पर दीपों की पंक्तियाँ, लोकगीत और सामूहिक भक्ति का दृश्य अनुपम होता है।

**चौथा दिन उषा अर्घ्य :** अंतिम दिन प्रातःकाल उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत का समापन होता नवजागरण और नई ऊर्जा का प्रतीक है। इस तरह चार दिनों में छठ पर्व केवल पूजा नहीं बल्कि संयम, सेवा, और सहनशीलता की जीवनशैली बन जाता है।

## सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष :

छठ पूजा का सबसे सशक्त पक्ष है इसकी सामाजिक समरसता । जाति, धर्म, वर्ग या आर्थिक स्थिति से परे घाट पर सभी व्रती अमीर न गरीब, सब बराबर होते हैं। छठ पर्व सामाजिक समरसता, परिवारिक एकता और स्त्री-शक्ति के आदर का प्रतीक भी है। क्योंकि अधिकांश व्रती महिलाएँ होती हैं, जो परिवार और समाज के कल्याण के लिए तपस्या करती हैं।

लोकगीतों का पर्व: छठ पर्व का सबसे आकर्षक पक्ष है इसका लोक व सांस्कृतिक रूप । यह लोकगीतों और पारंपरिक रीति-रिवाजों काअद्भुत उत्सव है। छठ का पर्व हमें अपनी लोक संस्कृति की ओर लेकर जाता है और आज भी केलवा ज पतर पे उगले सूरज देव जैसे गीत गाँव-गाँव गूंजते हैं। उगड हो सूरज देव, अरघ दिहीं मइया के इस लोकगीत के अतिरिक्त भी लाल हो गइल अंगना मइया के किरनवा... छठी मइया आइलें अंगना हमार, फलवा-फूलवा के सजीले थार और पाहिले पहिल छठी मइया, घर में आइल बानी, सुख-शांति, समृद्धि के वरदान देहड मइया रानी। जैसे कितने ही लोकप्रिय गीत छठ पर गाए जाते हैं।

ठेकुआ, नारियल और केला जैसे प्रसाद इसकी लोक-संस्कृति की पहचान हैं। छठ पर्व में प्रयोग होने वाली अधिकांश सामग्री बाँस के सुप, दौरा, फल, सब्ज़ियाँ, मिट्टी के दीप, और प्रसाद स्थानीय स्तर पर तैयार होते हैं। इससे ग्रामीण और कारीगर वर्ग को लाभ होता है। यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का छठ का एक अलग पक्ष है।

## पर्यावरणीय पक्ष

पर्यावरण की दृष्टि से भी छठ वैज्ञानिक पर्व है। इसमें प्लास्टिक या कृत्रिम वस्तुओं का प्रयोग वर्जित है। पूजा में प्रयुक्त सभी वस्तुएँ जैविक और प्राकृतिक होती हैं।

सूर्य उपासना के माध्यम से यह पर्व जल, वायु, अग्नि, पृथ्वी और आकाश - इन पंचतत्वों के प्रति आभार व्यक्त करता है। यह हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य में जीने का संदेश देता है।

## आध्यात्मिक संदेश :

छठ पूजा केवल बाहरी पूजा नहीं, यह आंतरिक साधना का पर्व है। व्रती निर्जल रहकर सूर्य को अर्घ्य देते हैं, तो उनके भीतर की आस्था और धैर्य आते हैं। छठ को सूर्य के प्रकाश में खड़ा व्रती अपने भीतर के अंधकार को दूर करता है छठ का आध्यात्मिक संदेश 'प्रकाश भीतर भी जलाओ, बाहर भी फैलाओ' भी ग्रहण कर अपनी आत्मा को ऊर्जावान प्रकाशवान धैर्यवान और उज्ज्वल बनाता है।

सार रूप में कह सकते हैं कि छठ पूजा भारतीय संस्कृति की उस गहराई का प्रतीक है जहाँ धर्म केवल पूजा मात्र नहीं, जीवन विज्ञान है।

# फैशन के चक्कर में मजाक न बनें



शिखा चौधरी

महिलाओं और फैशन का अटूट नाता है। आज पत्रिकाओं में मॉडल जो पहने दिखती हैं, वह सब फैशन है। यह तो रोज बदलता है और महिलाएं इनके पीछे बुरी तरह पड़ी रहती है। युवा वर्ग तो फैशन का दीवाना है ही मगर हमारी मम्मियां, चाचियाँ सभी इस होड़ में हैं।

परदे पर जो दिखता है या मैगजीन में जो छपता है वह वास्तविक जिन्दगी में पूरी तरह लागू नहीं किया जा सकता। कुछ हद तक ही वह फैशन हमारी जिन्दगी में उतर सकता है। अति उसकी भी बुरी ही होती है।

अव्वल तो वह फैशन उम्र और अपने शरीर की बनावट को ध्यान में रखकर अपनाना चाहिए। ऐसा न हो कि उम्र तो चालीस के पार हो और फैशन टीनएजर्स वाले। बड़ी उम्र की हीरोइनों की नकल करके भी उनका पहनावा बड़ी उम्र की घरेलू महिलाओं पर नहीं जम सकता। बड़ी उम्र की महिलाओं के लिए फैशन तय सीमाओं में बंध जाता है। नानियां, दादियां कभी भी स्टाइलिश जूडे़.या चोटी में अच्छी नहीं लग सकती। वे भारी-भरकम साड़ियां सीधे पल्ले के साथ पहने के साथ पहनें तो ही जंचती हैं।

बहू-बेटियों के लिए फैशन के कई पर्याय होते हैं। वे अपनी शारीरिक संरचना के अनुसार विशेष अवसर के लिए विशेष परिधान चुन सकती हैं, कोई भी हेयर स्टाइल अपना सकती हैं जो उनके फिगर के अनुसार उन पर सूट करे। नन्ही बिटिया के लिए पेरेलल्स आदि परिधान ही अच्छे लगेंगे।

उम्र और रंग रूप के साथ-साथ उस माहौल एवं अवसर का ख्याल रखें जिसके लिए आप तैयार हो रही हैं। यदि किसी शादी या रिसेप्शन में जाना हो तो ज्यादा भारी परिधान एवं ज्वेलरी जंचेगी। किसी पार्टी अथवा छोटे कार्यक्रम में आप भी सादे ढंग से जाएं तो ज्यादा अच्छा रहेगा। आप कोई भी हल्के वर्क की साड़ी या सलवार-कमीज पहन कर भी जा सकती हैं। रंगों से इतना फर्क नहीं पड़ता। मेकअप भी लाइट करें। हेयर स्टाइल में प्रयोग कर सकती है। ज्वेलरी भी भारी न डालें। सादे समारोहों में ज्यादा भड़कीला बनकर नहीं जाना चाहिए।

बड़ी उम्र की महिलाओं को फैशन के लिए प्रयोगधर्मी नहीं होना चाहिए। साड़ी के नए-नए स्टाइल, ब्लाउज में नए-नए प्रयोग नई-नवेली बहुओं पर ही जचते हैं। उनकी सासुओं को उनकी इससे बराबरी नहीं करनी चाहिए। बहुएं आदि किसी भी हेयर स्टाइल को अपना सकती हैं मगर बड़ी-बड़ी बूढ़ियों को सादा जूड़ा अथवा सादी चोटी ही जमेगी।

उन्हें भड़कीला मेकअप भी नहीं करना चाहिए। गहरे रंग की लिपस्टिक मस्कारा, आईलाइनर आदि इस तरह के भड़काऊ कॉस्मेटिक्स से दूर ही रहें। ये सब नई-नई बहु-बेटियों पर ही फबता है। किशोरियों पर भी भड़काऊ कास्मेटिक्स अच्छे नहीं लगते। उनके कपड़ों का चुनाव करते समय भी उनकी मम्मियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि कहीं यह उन पर भद्दा न लगे। बड़ी लड़कियों को फैशन के चक्कर में मिनी स्कर्ट आदि नहीं पहनाएं। ये सिर्फ परदे पर ही अच्छे लगती है। रियल लाइफ में ये फूहड़ता का ही एहसास कराते हैं।

फैशन को बढ़ावा देने में फिल्मों का काफी बड़ा योगदान है। किस हीरोइन ने किस फिल्म में क्या स्टाइल अपनाया है और क्या पहना है, वही फैशन बन जाता है। एक से दूसरे-दूसरे से तीसरे घर में यह फैशन बढ़ता चला जाता है। हालांकि ऐसा नहीं है कि हीरोइनों के सभी पहनावे आम जिन्दगी में अपनाए जा सकते हों। इसलिए सोच-समझकर ही फैशन को अपनाना चाहिए। (उर्वशी)

# तूफानी सागर और मछुआरों का अद्भुत धैर्य



त्रिलोक नाथ पांडेय

प्रातःकाल का अलौकिक समय था। आकाश के गगनमंडल पर काले, घनघोर, भयानक बादलों ने ऐसा आवरण डाल रखा था मानो सूर्यदेव अपने उदीयमान चरणों को जगत को दिखाने में संकोच कर रहे हों। मैं सपत्नीक सागर-तट की ओर प्रातःभ्रमण के लिए निकला। हाथ में छाता था और हृदय में एक अद्भुत उत्सुकता। बंगाल के बहुचर्चित दीघा समुद्र-तट पर उस दिन का दृश्य अलभ्य और अविस्मरणीय था।

दूर तक फैले हुए सागर के तट पर मछुआरों का दल अपनी कर्तव्यनिष्ठा और उद्यमशीलता का परिचय दे रहा था। उनके मुख पर चिंता का कोई चिह्न न था, प्रत्युत उत्साह और साहस की अद्भुत आभा थी। वे अपने विशाल जालों को सुलझाकर, गूंथकर, और फिर योजनाबद्ध रीति से अपनी नौकाओं में रख रहे थे। उधर सागर अपनी प्रचंड लहरों और गर्जना से मानो मानवता को चुनौती दे रहा था। उसकी प्रत्येक तरंग में दहाड़, फुंफकार और विकरालता थी। सामान्य जन भयभीत होकर तट से दूर भाग रहे थे, उनमें मैं भी सम्मिलित था।

किंतु जैसे ही मैं उन मछुआरों के समीप पहुँचा, मेरे हृदय का सारा भय जैसे विलीन हो गया। उनका धैर्य, साहस और संकल्प देखकर मन अभिभूत हो उठा। मैंने अपने आप को वीडियो बनाने से रोक नहीं पाया।

वे सभी नाविक मानो युद्धभूमि के वीर सैनिक हों। कतारबद्ध होकर वे जाल सुलझा रहे थे और दृढ़ निश्चय के साथ सागर की गर्जनाओं का सामना



करने को तैयार हो रहे थे। मैंने सोचा- इतनी हिम्मत केवल रोजी-रोटी की अनिवार्यता ही उत्पन्न कर सकती है, और इतना धैर्य केवल दैनिक अभ्यास ही गढ़ सकता है। वे तूफानी लहरों से संघर्ष करने, अपने भाग्य को पराजित करने और जीवन का अन्न प्राप्त करने के लिए तत्पर थे।

सागर की प्रचंड लहरें चेतावनी देकर पुनः उसमें विलीन हो जातीं, किंतु नाविकों का धैर्य विचलित न होता। ऐसा प्रतीत होता था मानो वे कह रहे हों-

चुनौतियाँ और परिस्थितियाँ चाहे जितनी विकट हों, भाग्य को अपनी भुजाओं के बल पर मोड़ा जा सकता है।

उस क्षण मुझे प्रत्यक्ष अनुभव हुआ कि वास्तव में मनुष्य अपनी किस्मत स्वयं लिखता है। यदि दृढ़ निश्चय और श्रम का संगम हो, तो कोई भी लक्ष्य असाध्य नहीं रहता।

उन मछुआरों के मुखमंडल पर जो गम्भीरता और आत्मविश्वास था, वह किसी तपस्वी की समाधि के समान प्रतीत होता था। उनके नेत्रों में केवल एक ही ध्येय चमक रहा था-अपनी नियति को स्वयं गढ़ना।

मैंने उस दिन यह गूढ़ जीवन-पाठ सीखा कि-वीरता सदैव चुनौतियों में ही पल्लवित होती है।भाग्य उन्हीं का साथ देता है जो साहस और श्रम से उसे पराजित करने का सामर्थ्य रखते हैं। जो लोग कठिन परिस्थितियों से जूझते हैं, वही अपने हाथों से अपना भविष्य रचते हैं।

उन मछुआरों का दृश्य मेरे लिए केवल सागर तट का अनुभव नहीं रहा, अपितु यह एक जीवन-दर्शन बन गया। उन्होंने सिखाया कि कैसे मनुष्य काल के गाल से भी अपनी किस्मत और अपनी रोटी छीनकर ला सकता है।

उनके साहस ने यह सिद्ध कर दिया कि-

भाग्य वह नहीं है जो नियति हमें प्रदान करती है, भाग्य वह है जिसे हम अपने श्रम, धैर्य और संकल्प से स्वयं गढ़ते हैं।

***चुनौतियों में ही वीर पला करते हैं, अपना नसीब स्वयं अपने हाथों रचा करते हैं।***

# अनुभवी गृहणियों के फंडे

सुनीता गाबा

- आलू अंदर तक अच्छी तरह उबल जाएं, इसके लिए पानी में एक चम्मच चीनी डाल दें।
- मेथीदानों को भूनकर पीस कर रख लें। दाल में तड़का लगाते समय मेथी पाउडर की चुटकी भर डाल देने से दाल का स्वाद और सुगंध दोनों बढ़ जाते हैं।
- जिस बर्तन में अंडे फोड़ कर डालने हों, उस बर्तन को पहले पानी से निकाल लें, फिर अंडे फोड़ कर डालें। अंडे बर्तन से नहीं चिपकेंगे और आसानी से बर्तन साफ हो जाएगा।
- आमलेट बनाते समय अंडा फेंटते हुए उसमें नींबू का थोड़ा सा रस या जरा सी दही मिला कर बनाने से आमलेट का स्वाद अधिक अच्छा बनेगा।
- उड़द व चने की दाल के बड़े बनाने से पूर्व उन्हें भिगो कर पीस लें। उसमें अदरक, धनिया मिलाकर पीसें और इस पेस्ट को कुछ देर के लिए फ्रिज में रख दें। फिर बड़े बनाने से ज्यादा खस्ता बड़े बनेंगे।
- मेथी के परांठे बनाते समय गेहूं के आटे में थोड़ा बेसन व मैदा मिला कर उसमें मोयन मिला कर आटा गूंथें । चाहें तो कटी पत्तियां आटे के साथ गूंथें या पिसी मेथी आटे में गूंथें। नमक, मिर्च, अजवायन डालकर आटा गूंथने से मेथी के परांठे स्वादिष्ट बनते हैं।
- कस्टर्ड बनाते समय जब भी गर्म दूध में कस्टर्ड मिलाएं। दूध को गैस से उतार कर मिलाने से उसमें गांठें नहीं बनती।
- नारियल की गिरी पूरी और जल्दी निकालनी हो तो नारियल तोड़ कर 15-20 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। गिरी आसानी से निकल जाएगी।
- पकौड़े बनाते समय घोल में थोड़ा सा चावल का आटा मिला देने से पकौड़े कुरकुरे बनेंगे।
- मकई का आटा गूंथते समय उसमें थोड़ा सा गेहूं का आटा मिला दें और गुनगुने पानी से आटा गूंथें तो मकई की रोटी आसानी से बेली जा सकती है।
- आलू की रसेदार सब्जी बनाते समय थोड़ा सा बेसन भून कर डालने से सब्जी अधिक स्वादिष्ट और गाढ़ी बनती है।
- कुकर में दाल बनाते समय हल्की सी चिकनाई डाल देने से सीटी के साथ फिर से दालवाला पानी बाहर नहीं निकलता।
- स्टार्च लगाते समय घोल में एक छोटा चम्मच नमक डाल देने से स्टार्च एक समान लगेगा और कपड़े चिपकेंगे भी नहीं।
- छोटे मुंह की बोतल को साफ करने के लिए आलू के छिलकों को पानी के साथ बोतल में भर दें। बोतल आसानी से साफ हो जाएगी।
- लहसुन को आसानी से छीलने के लिए लहसुन की कलियों को 5-10 मिनट तक पानी में भिगो कर रख दें। छिलका आसानी से उतर जाएगा।
- अदरक, लहसुन, हरी मिर्च के साथ साबुत गर्म मसाला पीसकर पेस्ट में थोड़ा सिरका मिलाएं। पानी न मिलाएं और फ्रिज में रख दें। आप एक माह तक इसका प्रयोग कर सकती हैं। (उर्वशी)

# बदलते मौसम में सेहत की रक्षा: जानिए कैसे बढ़ाएं अपनी इम्युनिटी

**कोलकाता :** मौसम बदलने के साथ शरीर पर उसका असर साफ दिखाई देने लगता है। तापमान में उतार-चढ़ाव, एलर्जन का बढ़ता असर और दिनचर्या में बदलाव प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकते हैं, जिससे सर्दी, जुकाम और थकान जैसी समस्याएँ बढ़ जाती हैं। मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली की रीजनल हेड - डाइटेटिक्स, न्यूट्रिशनिस्ट ऋतिका समद्दार कहती हैं, संक्रमण के इस मौसम में संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और सक्रिय जीवनशैली से इम्युनिटी को मजबूत बनाए रखना बेहद जरूरी है। उनके अनुसार, कैलिफ़ोर्निया बादाम, हरी सब्ज़ियाँ और फैटी फिश जैसे पोषक



तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ शरीर को आवश्यक विटामिन और खनिज प्रदान करते हैं। बादाम में मौजूद विटामिन ई, ज़िंक और कॉपर प्रतिरक्षा प्रणाली को सहारा देते हैं। इसके साथ रोज़ाना 7-8 घंटे की नींद लेना, पर्याप्त पानी पीना और हल्का व्यायाम करना भी जरूरी है। सैल्मन, फ्लैक्स सीड्स और ताजे फलों जैसे खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करें। दिनभर ऊर्जावान बने रहने के लिए 10-15 मिनट की हल्की शारीरिक गतिविधि भी प्रभावी होती है। थोड़ी सावधानी और संतुलित दिनचर्या अपनाकर आप बदलते मौसम में भी स्वस्थ और सक्रिय रह सकते हैं।

# कहीं बिगड़ तो नहीं रहा आपका लाडला

मनोज वर्मा

हद से ज्यादा खुलापन आपके बच्चे को जिद्दी बना सकता है। अक्सर देखने में आता है कि मां-बाप का बच्चे को ज्यादा छूट प्रदान करना, उसकी हर जायज-नाजायज मांग को बिना सोचे-समझे पूरी कर देना आदि बच्चे को हठी और गुस्सैल प्रवृत्ति की ओर अग्रसर करते हैं।

इसके अलावा अगर आपका बच्चा सारा दिन इधर से उधर खेलता रहा और आपको यह ध्यान ही नहीं कि आपका बच्चा कहां घूम रहा है तो यह भी उसे गलत संगत में डाल सकता है जो बाद में उसके व्यक्तित्व विकास में बाधक बन सकता है।

कई बार ऐसा होता है कि बच्चा स्कूल से या आस-पड़ोस से पैंसिल या कोई अन्य वस्तु उठा लाया लेकिन इस पर आप उसे कुछ न कहते हुए नजरअंदाज कर देती हैं तो आप बहुत बड़ी गलती कर रही हैं क्योंकि छोटी-मोटी चीजों से ही बच्चे को चोरी की आदत पड़ जाती है जो बाद में बड़ी चोरी में बदल सकती है। इसलिए यदि बच्चा कहीं से कोई चीज उठा लाए तो उसे प्यार से समझाते हुए वापस कराएं और उससे होने वाले नुकसान के बारे में बच्चे को अवगत कराएं, साथ ही भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत भी दें।

बच्चे की दिनचर्या का भी ध्यान रखें। उसे गलत संगति में बैठने से मना करें तथा बच्चे का होमवर्क प्रतिदिन पूरा करवाएं और उसे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। ऐसा करने से ही आप एक आदर्श मां बन सकेंगी। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर: शुगर फ्री काजू कतली




त्योहारों का मौसम आते ही बाजार रंग-बिरंगी मिठाइयों से भर जाता है, लेकिन इन्हीं मिठाइयों के साथ बढ़ जाती है मिलावट की चिंता। खासकर भाई दूज जैसे प्यारे त्योहार पर जब आप अपने भाई के लिए कुछ खास और प्यार से तैयार करना चाहती हैं, तो बाजार की नकली मिठाइयों से बेहतर है कि घर पर बनी शुद्ध और हेल्दी मिठाई दी जाए।

तो इस भाई दूज, क्यों न अपने भाई को प्यार के साथ सेहत का तोहफा भी दें? आप आसानी से घर पर शुगर फ्री काजू कतली तैयार कर सकती हैं, जो स्वाद में भी शानदार है और सेहतमंद भी। बिना रिफाइंड शुगर के बनी ये मिठाई डायबिटिक या हेल्थ कॉन्शियस लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसे आप पहले से बनाकर रख सकती हैं ताकि भाई दूज पर उसे सच्चे दिल से बनी मिठाई खिला सकें, वो भी बिना किसी मिलावट और टेंशन के।

## शुगर फ्री काजू कतली बनाने का सामान

काजू - 1 कप (150 ग्राम)
खजूर (बीज निकाले हुए) - 10 से 12
इलायची पाउडर - 1/4 छोटा चम्मच



घी - 1 चम्मच
चांदी का वर्क

## बनाने की विधि

शुगर फ्री काजू कतली बनाने के लिए सबसे पहले तो काजू को मिक्सी में बारीक पीस लें। ध्यान रखें कि ज्यादा चलाने से तेल न निकले। बस आपको इसको महीन पीसना है, काजू का तेल नहीं निकालना है। ।

जब तक ये पिस रहा है, तब तक खजूर को गर्म पानी में 10 मिनट भिगोकर रख दें। जब ये सॉफ्ट हो जाएं तो इसे भी मिक्सी में ब्लेंड करके पेस्ट बना लें। दोनों चीजों को पीसने के बाद अब एक नॉनस्टिक पैन में खजूर का पेस्ट डालें और धीमी आंच पर 2-3 मिनट भूनें।

अब इसमें काजू पाउडर मिलाएं और लगातार चलाते हुए गाढ़ा होने तक पकाएं। इसके बाद जब मिश्रण कढ़ाई छोड़ने लगे, तब इलायची पाउडर मिलाएं और गैस बंद कर दें। मिश्रण को घी लगी प्लेट या बटर पेपर पर डालें और बेलन से हल्का बेल लें। आखिर में ठंडा होने पर मनचाहे डायमंड शेप में काट लें। चाहें तो ऊपर चांदी का वर्क लगा सकते हैं।

## जरूरी टिप्स

ध्यान रखें कि खजूर की मिठास काजू कतली का स्वाद मीठा करने में पर्याप्त होती है, इसलिए अतिरिक्त मीठा डालने की जरूरत नहीं। इसके अलावा आप चाहें तो स्टेविया या डेट शुगर भी इस्तेमाल कर सकते हैं

# दांपत्य में नवीनता का अहसास

किशन लाल शर्मा

शादी के बाद पति पत्नी में उमंग जोश रहता है। दोनों एक दूसरे का खूब ख्याल रखते हैं। एक दूसरे से प्यार करते हैं। वे एक दूसरे के बिना नहीं रह सकते। पति को पत्नी का मायके जाना अखरता है। पति अगर टूर पर घर के बाहर चला जाता है, तो पत्नी का एक एक पल बड़ी मुश्किल से गुजरता है लेकिन समय गुजरने के साथ धीरे धीरे पति पत्नी के रिश्ते में ठंडापन आने लगता है। जिंदगी एक बंधे बंधाये ढर्रे पर चलने लगती हे। रिश्ते में नीरसता और बासीपन आ जाता है। कोई जोश, उमंग नहीं रहती।

हमारे यहां शादी का मतलब है आजीवन का बंधन। इसका मतलब यह नहीं कि तलाक नहीं हो सकता। अगर पति पत्नी में न बनती हो तो कानूनी रूप से तलाक ले सकते हैं। कानून में तलाक का प्रावधान है लेकिन हमारे यहां तलाक के मामले कम ही देखने में आते थे पर अब तलाकों की संख्या बढ़ती जा रही है।

शादी होने के बाद पति पत्नी आजीवन साथ रहते हैं। जब आजीवन साथ रहना है तो दांपत्य में मधुरता और प्यार के साथ-साथ विश्वास सहयोग जरूरी है। इसके लिए जरा आप इन बातों पर अमल करके तो देखिये।

❋ पति-पत्नी को एक दूसरे से प्यार करना चाहिए। प्यार दिखावटी नहीं, दिल से होना चाहिए।

❋ पति-पत्नी को एक दूसरे के प्रति हमदर्दी होनी चाहिए। एक दूसरे को बीमारी होने या कोई भी शारीरिक कष्ट होने पर एक दूसरे का साथ देना चाहिए।

❋ पति-पत्नी के दिल में एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिए। न एक दूसरे का मजाक बनायें, न ही हंसी उड़ाकर दांपत्य में कटुता घोलें।



❋ बोलते समय शालीनता का परिचय दें। गाली गलौज या अशिष्ट भाषा का प्रयोग न करें। जब भी आपस में बात करें, संयम बरतें। उल्टा सीधा न बोलें।

❋ पति पत्नी को एक दूसरे पर न अर्नगल आरोप लगाये, ना ही दोषारोपण करें।

❋ पति पत्नी के हर काम में ना कहने की आदत नहीं डालनी चाहिए। नकारात्मक नहीं सकारात्मक सोच रखें।

❋ पति पत्नी को जब भी एक दूसरे का कोई काम या बात अच्छी लगे, तब अपने जीवनसाथी की प्रशंसा करना न भूलें। प्रशंसा के दो बोल जादू सा असर दिखाते हैं।

❋ समय मिलने पर या छुट्टी में महीने दो महीने में जैसा भी संभव हो, पति पत्नी को पिकनिक पर या घूमने जरूर जाना चाहिए। इससे बंधी बंधाई जिंदगी से अलग हटकर महसूस होता है और नवीनता का अहसास होता है।

❋ अनावश्यक रूप से पति पत्नी को एक दूसरे के प्रश्न करने से बचना चाहिए।

❋ गृहस्थी चलाना पत्नी या पति अकेले का काम नहीं है। गृहस्थी चलाना दोनों की जिम्मेदारी है इसलिए मिलजुलकर रहें।

❋ माफी में शर्म कैसी? पति या पत्नी से किसी भी काम या बात में गलती हो सकती है तो साथी से माफी मांगने में शर्म कैसी?

❋ पति-पत्नी को बेवजह या सुनी सुनाई बातों पर एक दूसरे पर शक नहीं करना चाहिए। शक दांपत्य में दरार डाल देता है जबकि विश्वास दांपत्य की नींव को मजबूत करता है।

❋ मेरिज डे, बर्थ डे आदि की तारीखें याद रखें। इस दिन बधाई के साथ-साथ आप साथी को गिफ्ट भी दे सकते हैं। गिफ्ट का आकलन उसके मूल्य से नहीं प्यार और भावना से करें।

❋ पति पत्नी का पूरे जन्म का साथ है। उन्हें एक दूसरे की रूचि, पसंद, इच्छा का ख्याल रखना चाहिए।

❋ सेक्स का दांपत्य में प्रमुख स्थान है। सेक्स दांपत्य में मधुरता लाकर एक दूसरे को करीब लाता है।

❋ अगर पत्नी नौकरी नहीं करती तो रोज घर के काम करती है। पति को चाहिए कभी पत्नी को आराम दे। अगर पति पत्नी दोनों सर्विस करते हों तो घर के काम उन्हें मिल जुलकर करने चाहिए।

यहां मैंने छोटी छोटी बातों का जिक्र किया है जो दांपत्य में प्रेम और मधुरता ला सकती हैं। ऐसी बातें और भी हो सकती हैं। पति-पत्नी स्वयं ढूंढ सकते हैं कि वे दांपत्य में प्रेम मधुरता कैसे ला सकते हैं। दांपत्य में नीरसता बासीपन आने से कैसे रोक सकते हैं। ढर्रे पर चल रहीं जिंदगी में नवीनता का अहसास कैसे कर सकते हैं।

आप आजमा कर तो देखिये। परिवर्तन महसूस होगा। (उर्वशी)

# बिहार विधानसभा चुनाव: अमित शाह और तेजस्वी यादव की धुआंधार रैलियां, जमकर साधा एक दूसरे पर निशाना



**पटना :** बिहार में शनिवार को चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के शीर्ष नेताओं ने विभिन्न हिस्सों में रैलियां की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और राजद नेता तेजस्वी यादव ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के लिए तीन-तीन चुनावी रैलियां संबोधित की। शाह ने खगड़िया, मुंगेर और नालंदा जिलों में सभाओं को संबोधित करते हुए लालू जी के बेटे यानी तेजस्वी यादव को सत्ता से दूर रखने की जरूरत पर जोर दिया। तेजस्वी यादव को 'इंडिया' गठबंधन का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं 35 वर्षीय तेजस्वी ने खगड़िया जिले में दो और भोजपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित किया। दिन की शुरुआत एक विवाद से हुई, जब तेजस्वी ने आरोप लगाया कि खगड़िया में उनकी एक रैली स्थानीय प्रशासन ने इस आधार पर रद्द कर दी कि जिले में केंद्रीय गृह मंत्री का भी कार्यक्रम है और एकमात्र हेलीपैड पर दो हेलीकॉप्टरों की उतरने की अनुमति नहीं दी जा सकती। तेजस्वी ने आरोप लगाया, यह सीधी तानाशाही है। चुनावों में व्यवस्थाएं बदलनी पड़ती हैं लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि विपक्ष को इसलिए रैली की अनुमति न मिले क्योंकि सत्तापक्ष हेलीपैड इस्तेमाल करेगा। हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हुई और राजद नेता की सभाएं परबत्ता और अलौली विधानसभा क्षेत्रों में निर्धारित स्थानों पर हुईं जबकि शाह ने जिला मुख्यालय में राजग उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा की। तेजस्वी की रैलियों में 20 वर्षों के राजग शासन में कथित भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी मुद्दों पर तेज हमले देखने को मिले। तेजस्वी के समर्थकों को भीड़ में बिहार का नायक लिखे पोस्टर लहराते हुए देखा गया।

## भारत का बहुभाषी डिजिटल भविष्य: एआई और तकनीक से भाषाओं का संरक्षण और समावेशन

**नई दिल्ली :** भारत अपनी समृद्ध भाषाई विविधता को डिजिटल युग में संरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में अग्रसर है। 22 अनुसूचित भाषाओं और सैकड़ों जनजातीय बोलियों के संरक्षण और समावेशन के लिए सरकार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी), मशीन लर्निंग और वाक् पहचान जैसी उन्नत तकनीकों का सहारा लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार, भाषा केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि सभ्यता की आत्मा और संस्कृति की विरासत है।एआई-संचालित प्लेटफ़ॉर्म जैसे भाषिणी, भारतजेन और आदि-वाणी बहुभाषी अनुवाद, रीयल-टाइम ट्रांसलेशन और डिजिटल सामग्री वितरण में मदद कर रहे हैं। आदि-वाणी जनजातीय भाषाओं जैसे संथाली, भीली और गोंडी के डिजिटल संरक्षण और अनुवाद के लिए काम कर रहा है। इसके अलावा एसपीपीएल और संचिका जैसे परियोजनाएं लुप्तप्राय भाषाओं का डिजिटल दस्तावेजीकरण और बहुभाषी एआई मॉडल प्रशिक्षण सुनिश्चित करती हैं। शैक्षणिक क्षेत्र में भी यह तकनीक क्रांति ला रही है। ई-कुंभ पोर्टल और अनुवादिनी ऐप छात्रों को मातृभाषा में तकनीकी और उच्च शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराते हैं, जिससे शिक्षा समावेशी और प्रभावी बन रही है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस में जीईएमएआई बहुभाषी समर्थन के माध्यम से उपयोगकर्ताओं को सरल और पारदर्शी सेवाएँ प्रदान करता है। भारत की बहुभाषी डिजिटल रणनीति में स्वचालित वाक् पहचान, न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन और ट्रांसफॉर्मर आधारित मॉडल जैसे इंडिकबर्ट और एमबार्ट तकनीकें शामिल हैं, जो वास्तविक समय अनुवाद और संवाद को सक्षम बनाती हैं। इन पहलों के माध्यम से भारत न केवल अपनी भाषाई विरासत को संरक्षित कर रहा है, बल्कि डिजिटल समावेशन और शिक्षा, शासन और स्वास्थ्य सेवा में बहुभाषी पहुँच भी सुनिश्चित कर रहा है। यह प्रयास भारत को बहुभाषी नवाचार और वैश्विक नेतृत्व में एक अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित करता है।

## गुजरात में पुलिस ने 'शराब पार्टी' पर मारा छापा, 13 अफ्रीकियों समेत 20 लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद :** गुजरात पुलिस ने अहमदाबाद के बाहरी इलाके में एक फार्महाउस पर छापा मारा और एक पार्टी के दौरान शराब पीने के आरोप में 13 अफ्रीकी नागरिकों समेत 15 लोगों को गिरफ्तार किया तथा बाद में पांच और लोगों को भी पकड़ लिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी का कहना है कि शिलाज क्षेत्र में स्थित फार्महाउस पर शुक्रवार देर रात छापेमारी की गयी तथा कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लगभग 70 लोगों में 13 अफ्रीकियों समेत 15 लोग नशे में पाए गए जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अहमदाबाद (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमप्रकाश जाट ने संवाददाताओं को बताया कि दो शराब तस्करों और फार्महाउस मालिक समेत पांच अन्य लोगों को शनिवार तड़के गिरफ्तार किया गया, जिससे इस पार्टी के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 20 हो गई। जाट ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह शराब पार्टी गुजरात के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे अफ्रीकी विद्यार्थियों के सम्मेलन के नाम पर आयोजित की गयी थी जबकि राज्य में शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शराब की उपलब्धता के बारे में गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मियों ने पास खरीदे और सामान्य कपड़ों में अतिथि के रूप में कार्यक्रम स्थल पर गये।

## भारत में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 11 वर्ष में 387 से बढ़कर 819 हुई:

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 वर्ष में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 819 हो गई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के 50वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि इसी तरह स्नातक मेडिकल सीट की संख्या 51,000 से बढ़कर 1.29 लाख और स्नातकोत्तर सीट की संख्या 31,000 से बढ़कर 78,000 हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर 75,000 अतिरिक्त सीट जुड़ने की उम्मीद है। स्वास्थ्य मंत्री ने स्नातक छात्रों को बधाई दी और देश में चिकित्सा विज्ञान, शिक्षा और



रोगी देखभाल को आगे बढ़ाने में एम्स के अद्वितीय योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर 75,000 अतिरिक्त सीट जोड़े जाने की उम्मीद है। स्वास्थ्य मंत्री ने स्नातक छात्रों को बधाई दी और देश में चिकित्सा विज्ञान, शिक्षा और रोगी देखभाल को आगे बढ़ाने में एम्स के अद्वितीय योगदान की सराहना की। उन्होंने युवा चिकित्सकों से लोगों की सहानुभूतिपूर्वक सेवा करने, नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और देश की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवाचार का उपयोग करने का आह्वान किया। नड्डा ने यह भी कहा कि देश ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। नमूना पंजीकरण सर्वेक्षण (एसआरएस) के आंकड़ों के अनुसार, मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 130 से घटकर 88 और शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 39 से घटकर 27 हो गई है।

## पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का सदस्य गिरफ्तार, दो आईईडी बरामद

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने एक आतंकी नेटवर्क के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और उसके पास से उच्च श्रेणी के आरडीएक्स सहित दो आईईडी और हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर के कोटला तरखाना गांव का निवासी मनप्रीत सिंह उर्फ टिड्डी नामक आरोपी विदेश में बैठे अपने आकाओं के निर्देश पर काम कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड है और उसका नाम सदर बटाला एवं कलानौर थानों में दर्ज दो मामलों में शामिल था। सिंह गुरदासपुर और अमृतसर की जेलों में लगभग डेढ़ साल रहा और फरवरी में रिहा हुआ। इसके बाद उसने अपनी आपराधिक गतिविधियां फिर से शुरू कर दीं। यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सिंह आर्मेनिया, ब्रिटेन और जर्मनी में बैठे अपने आकाओं के निर्देश पर काम कर रहा था। वहीं, उसके आकाओं को एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के पाकिस्तान स्थित सरगना से निर्देश मिलते थे। उन्होंने कहा कि समूचे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए इससे जुड़े संपर्कों का पता लगाया जा रहा और आगे की जांच की जा रही है। अभियान का विवरण देते हुए अमृतसर स्थित राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ के सहायक महानिरीक्षक सुखमिंदर सिंह मान ने कहा कि एक विशिष्ट खुफिया सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से गोला-बारूद सहित एक .30 बोर की पिस्तौल बरामद की।

## सरकार तेजी से डिजिटलीकरण के बीच पारंपरिक मीडिया को बचाने के लिए काम कर रही : वैष्णव

**नयी दिल्ली :** सरकार ने पारंपरिक मीडिया को इस क्षेत्र में तेजी से हो रहे डिजिटलीकरण के कारण होने वाले व्यवधानों से बचाने के लिए कई पहलों की योजना बनाई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि सरकार रेडियो उद्योग में नियामकीय अड़चनों को दूर करने और टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट (टीआरपी) में सुधार लाने की योजना बना रही है। मंत्री ने यहां संवाददाताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत में कहा, सरकार जहां भी नियामक बाधाएं हैं, उन्हें दूर करने के लिए काम कर रही है। वैष्णव ने कहा कि मंत्रालय टेलीविजन रेटिंग प्रणाली में सुधार के तरीकों पर विचार कर रहा



है, ताकि सरकारी विज्ञापनों से टेलीविजन चैनलों को उचित राजस्व प्राप्त हो सके। मंत्री ने कहा, टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट (टीआरपी) दिशा-निर्देश तैयार किए जा रहे हैं। परामर्श का पहला दौर पूरा हो चुका है, फीडबैक प्राप्त हो चुका है और दूसरा परामर्श पत्र जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा। सरकार प्रिंट और टेलीविजन मीडिया के लिए विज्ञापन दरें बढ़ाने पर भी विचार कर रही है। वैष्णव ने कहा कि सरकार मीडिया संपर्क और नियामक कार्यों में समन्वय को बेहतर बनाने के लिए भारत के प्रेस महापंजीयक (आरएनआई), केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) और पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के एकीकरण पर भी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पीआईबी ने अपने संपर्क प्रयासों को तेज कर दिया है, तथा प्रमुख विषयों पर नियमित रूप से पृष्ठभूमि और शोध-आधारित दस्तावेज जारी कर रहा है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उत्तर प्रदेश सरकार ने इन मुलाकातों को शिष्टाचार भेंट बताया। इससे पहले आदित्यनाथ ने नोएडा में जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थल का निरीक्षण किया था।



पटना जंक्शन पर 'नहाए-खाए' के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़, छठ पर्व की चार दिवसीय तैयारियों के बीच उत्सव का माहौल

## ओडिशा के इंजीनियर ने लकड़ी का 1.1 मिलीमीटर चम्मच बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया



**ब्रह्मपुर :** ओडिशा के गंजाम जिले के लघु शिल्प बनाने वाले 23 वर्षीय कलाकार ने लकड़ी का सबसे छोटा चम्मच तैयार कर 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया है। 'इलेक्ट्रिकल इंजीनियर' के. बिजय कुमार रेड्डी ने लकड़ी का एक चम्मच बनाया है जिसकी लंबाई सिर्फ 1.13 मिलीमीटर है और यह सुई के छेद से होकर गुजर सकता है। इससे पहले दुनिया के सबसे छोटे लकड़ी के चम्मच का रिकॉर्ड बिहार के एक कलाकार के नाम पर था जिन्होंने 1.64 मिलीमीटर लंबा चम्मच बनाया था। रेड्डी ने कहा, ''मुझे हाल में मेरी कला के लिए नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने के बारे में संदेश मिला।'' उन्होंने बताया कि इस छोटे से चम्मच को बनाने में उन्हें करीब तीन महीने का समय लगा और जनवरी में इसे 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' को भेज दिया गया। रेड्डी ने कहा, ''मैं दुनिया को दिखाना चाहता हूं कि कला की कोई सीमा नहीं होती और यहां तक कि सबसे छोटी रचना भी बड़ा संदेश दे सकती है।'' चाक से मूर्तियों के निर्माण के लिए प्रसिद्ध रेड्डी ने कहा कि चम्मच बनाने के लिए स्थिर हाथों, अपार धैर्य और असाधारण ध्यान की आवश्यकता होती है। इससे पहले उन्होंने चाक पर कई लघु मूर्तियां बनाई थीं, जिनमें क्रिकेटरों और अयोध्या के राम मंदिर की मूर्तियां भी शामिल थीं।

## प्रधानमंत्री मोदी का है यह दशक, नीतीश कुमार के लिए प्रचार करूंगा : नायडू

**दुबई/अमरावती :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू मौजूदा दशक को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दशक बताते हुए कहा कि उन्हें आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत पर पूरा विश्वास है। नायडू ने यह भी कहा कि वह बिहार में राजग उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। 'पीटीआई वीडियो' को दिए एक विशेष साक्षात्कार के दौरान नायडू ने केंद्र की राजग सरकार को प्रगतिशील बताया और कहा कि यह आम आदमी के हित के लिए कई सुधार ला रही है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने एक वर्ष के अंदर ही सुपर सिक्स चुनावी वादों को सफलतापूर्वक पूरा कर दिया है। नायडू ने कहा कि आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील के प्रस्तावित 7.3 मिलियन टन प्रति वर्ष (प्रारंभिक क्षमता) वाले इस्पात संयंत्र की आधारशिला अगले महीने आंध्र प्रदेश में रखी जाएगी। उन्होंने कहा, भारत में बहुत ही दिलचस्प चीजें हो रही हैं। हमारे



माननीय प्रधानमंत्री सालों से राजनीति में हैं। वह हमेशा चुनाव जीतते रहे हैं। पहले वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। 2014 से अब तक, यानी 11 वर्षों से वह प्रधानमंत्री हैं। अब और चार वर्ष तक वह रहेंगे। नायडू ने कहा, यह दशक नरेन्द्र मोदी का है। और जब यह दशक नरेंद्र मोदी जी का है, तो स्वाभाविक रूप से यह भारतीयों का भी है। नायडू ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सत्तारूढ़ राजग अगले महीने होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए प्रचार करेंगे, तो उन्होंने उत्तर दिया, हां। जब भी राजग मुझे बुलाएगा, मैं जाने और उनके साथ काम करने के लिए तैयार हूं।

## अखिल भारतीय एसआईआर के पहले चरण की अगले सप्ताह शुरुआत कर सकता है निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग मतदाता सूची के अखिल भारतीय विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के पहले चरण की अगले सप्ताह शुरुआत कर सकता है। इस अभियान की शुरुआत 10 से 15 राज्यों से होगी, जिनमें वे राज्य भी शामिल होंगे जहां अगले साल चुनाव होने वाले हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होंगे और ये सभी उन राज्यों की सूची में में होंगे, जहां मतदाता सूची को शुद्धीकरण किये जाने का काम सबसे पहले शुरू होगा। अधिकारियों ने बताया कि आयोग




एसआईआर के पहले चरण की घोषणा अगले सप्ताह के मध्य में कर सकता है, जिसमें ''10 से 15 राज्य शामिल होंगे।'' उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची के शुद्धीकरण का काम नहीं करेगा जहां स्थानीय निकाय चुनाव हो रहे हैं या होने वाले हैं, क्योंकि जमीनी स्तर की चुनावी मशीनरी इसमें व्यस्त है और शायद एसआईआर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे राज्यों में एसआईआर बाद के चरणों में आयोजित किया जाएगा। बिहार में मतदाता सूची के शुद्धीकरण का काम पूरा हो गया है, जहां लगभग 7.42 करोड़ नामों वाली अंतिम सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की गई थी। बिहार में दो चरणों में, 6 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 14 नवंबर को होगी। आयोग एसआईआर लागू करने की रूपरेखा तय करने के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ पहले ही दो बैठकें कर चुका है। कई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने अपने पिछले एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियों को अपनी वेबसाइट पर पहले ही डाल दिया है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम गहन पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर है।

## दिवंगत खगोल भौतिक विज्ञानी जयंत नारलीकर को विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया

**नयी दिल्ली :** 'बिग बैंग' सिद्धांत को चुनौती देने वाले प्रसिद्ध खगोल भौतिक विज्ञानी जयंत नारलीकर को शनिवार को 'विज्ञान रत्न पुरस्कार' के लिए चुना गया। 'बिग बैंग' सिद्धांत के अनुसार ब्रह्मांड एक ही क्षण में बना था, जबकि नारलीकर ने ब्रिटिश खगोलशास्त्री फ्रेड हॉयल के साथ मिलकर यह प्रतिपादित किया कि ब्रह्मांड हमेशा से अस्तित्व में रहा है और अनंत काल तक नये पदार्थों का निरंतर निर्माण होता रहा है। नारलीकर का 86 वर्ष की आयु में 20 मई को निधन हो गया था। पद्म पुरस्कारों की तर्ज पर, राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार देश का सर्वोच्च विज्ञान पुरस्कार है। राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के दूसरे संस्करण, 2025 के विजेताओं की घोषणा शनिवार को राष्ट्रीय पुरस्कारों की वेबसाइट पर



की गई। सरकार ने आठ विज्ञान श्री, 14 विज्ञान युवा और एक विज्ञान टीम पुरस्कार की भी घोषणा की। प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, जिन्हें गेहूं प्रजनक के रूप में जाना जाता है, को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए विज्ञान श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के भौतिकी समूह के निदेशक यूसुफ मोहम्मद शेख को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए विज्ञान श्री पुरस्कार दिया गया है। कोशिकीय एवं आणविक जीव विज्ञान केंद्र के के. थंगराज को जैविक विज्ञान के क्षेत्र में यह पुरस्कार मिला और आईआईटी-मद्रास के प्रदीप थलप्पिल को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान श्री पुरस्कार प्रदान किया गया। रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति अनिरुद्ध भालचंद्र पंडित को इंजीनियरिंग विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान श्री पुरस्कार दिया गया और राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान के निदेशक एस. वेंकट मोहन को पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में पुरस्कार मिला।

### न्यूज इन ब्रीफ

#### 'एड गुरु' पीयूष पांडे का अंतिम संस्कार हुआ

**मुंबई :** मुंबई में शनिवार को विज्ञापन जगत के दिग्गज पीयूष पांडे के अंतिम संस्कार के दौरान अभिनेता अमिताभ बच्चन समेत अन्य लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। पांडे का पार्थिव शरीर सुबह मध्य मुंबई के शिवाजी पार्क स्थित उनके घर लाया गया और बाद में पास के श्मशान गृह ले जाया गया। पांडे का शुक्रवार को 70 साल की उम्र में यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। पिछले कुछ दिनों से उन्हें सांस लेने में तकलीफ की शिकायत थी, जिसका वह इलाज करा रहे थे। पांडे के अंतिम संस्कार में प्रतिष्ठित गीत 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' भी गाया गया। देश की समृद्ध विविधता को बयां करने वाले इस गीत को पांडे ने 1980 के दशक में लिखा था।

#### महाराष्ट्र के औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर स्टेशन किया गया

**मुंबई :** महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर किए जाने के तीन साल बाद, मध्य रेलवे ने शनिवार को कहा कि औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का आधिकारिक नाम भी बदलकर छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन कर दिया गया है। छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन दक्षिण मध्य रेलवे के नांदेड़ डिवीजन के अंतर्गत आता है। मध्य रेलवे ने कहा कि इसका नया स्टेशन कोड 'सीपीएसएन' होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली महायुति सरकार ने औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नाम बदलने के लिए 15 अक्टूबर को एक गजट अधिसूचना जारी की थी। औरंगाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल परिचालन 1900 में हैदराबाद के सातवें निजाम मीर उस्मान अली खान के शासनकाल के दौरान शुरू हुआ था।

#### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े गैंगस्टर को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया

**नयी दिल्ली :** लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक भगोड़े गैंगस्टर को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम शनिवार को अमेरिका से भारत लेकर आई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लखविंदर कुमार के खिलाफ 'इंटरपोल रेड नोटिस' जारी किया गया था और दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाए जाने के बाद हरियाणा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि लखविंदर हरियाणा में जबरन वसूली, धमकी, अवैध हथियार रखने और उनका इस्तेमाल करने तथा हत्या के प्रयास से संबंधित कई आपराधिक मामलों में वांछित था। बयान में कहा गया है, ''सीबीआई ने हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर 26 अक्टूबर 2024 को इंटरपोल के माध्यम से लखविंदर के खिलाफ 'रेड नोटिस' जारी करवाया था। उसे अमेरिका से भारत निर्वासित किया गया और वह 25 अक्टूबर 2025 को दिल्ली पहुंचा, जहां हरियाणा पुलिस की एक टीम ने उसे हिरासत में ले लिया।''

#### नेशनल हेराल्ड मामला: अदालत ने सुनवाई 30 अक्टूबर तक स्थगित की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से संबंधित सुनवाई शनिवार को 30 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि ईडी से कुछ स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। संघीय एजेंसी ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी, पार्टी के दिवंगत नेताओं मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस, साथ-साथ सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और निजी कंपनी यंग इंडियन पर साजिश और धनशोधन का आरोप लगाया है। यह आरोप एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों के कथित रूप से धोखे से अधिग्रहण से संबंधित है। एजेएल 'नेशनल हेराल्ड' अखबार का प्रकाशन करता है।

# रोहित और कोहली ने दिखाया जलवा, भारत की ऑस्ट्रेलिया पर बड़ी जीत

**सिडनी:** रोहित-कोहली की विस्फोटक पारियों ने भारत को दिलाई ऑस्ट्रेलिया पर नौ विकेट से शानदार जीत सिडनी, अक्टूबर 2025: भारत ने तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंद शेष रहते नौ विकेट से हराया, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने शानदार और आक्रामक खेल से दर्शकों का मन मोह लिया। भारत को 237 रन का अपेक्षाकृत आसान लक्ष्य मिला, लेकिन रोहित और कोहली ने इसे चुनौतीपूर्ण साबित कर दिया। रोहित ने 125 गेंदों में नाबाद 121 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और तीन छक्के शामिल थे। कोहली ने 81 गेंदों में नाबाद 74 रन की पारी खेली और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 168 रन की अटूट साझेदारी कर भारत को 38.3 ओवर में केवल एक विकेट खोकर लक्ष्य तक पहुँचाया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से तेज गेंदबाजों ने शुरुआत में दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन हर्षित राणा ने 39 रन देकर चार विकेट लेकर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया। रेनशॉ ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। कप्तान मिचेल मार्श (41) और ट्रेविस हेड (29) ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े, जबकि रेनशॉ और एलेक्स कैरी के बीच 54 रन की साझेदारी ने टीम को सम्मानजनक स्थिति दी। लेकिन भारतीय गेंदबाजों की सटीकता और कुशल फील्डिंग ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को किसी बड़े स्कोर की अनुमति नहीं दी। वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने मिलकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को रोका। विशेष रूप से वाशिंगटन की गेंद पर विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने दर्शनीय कैच लिए। अक्षर पटेल ने मार्श को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों को और कमजोर किया।

इस जीत के साथ ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया की क्लीन स्वीप की योजना को विफल कर दिया। रोहित ने अपने वनडे करियर का 33वां शतक पूरा किया, जो उनका 50वां अंतरराष्ट्रीय शतक भी था। कोहली ने 75वां वनडे अर्धशतक जड़ा और वनडे में सर्वाधिक अर्धशतक बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। रोहित और कोहली ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और ऑस्ट्रेलिया के तेज और स्पिन आक्रमण को मात दी। इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल श्रृंखला का शानदार समापन किया, बल्कि दोनों बल्लेबाजों ने अपने आलोचकों को करारा जवाब भी दिया।



रोहित शर्मा ने 50वां शतक जड़ रचा इतिहास

### रोहित-कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरी बार खेलने के संकेत दिए

भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि संभव है वह और विराट कोहली भविष्य में ऑस्ट्रेलिया में दोबारा न खेल पाएं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के समापन के बाद दोनों दिग्गजों ने संकेत दिया कि यह उनका ऑस्ट्रेलिया में आखिरी दौरा हो सकता है। टेस्ट और टी20 से संन्यास लेने के बाद दोनों अब केवल वनडे खेलते हैं, और उनके अंतरराष्ट्रीय करियर को लेकर अटकलें तेज हैं। शनिवार को दोनों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 168 रन की नाबाद साझेदारीकर भारत को नौ विकेट से जीत दिलाई और श्रृंखला में सूपड़ा साफ होने से बचाया। रोहित ने नाबाद 121 रन बनाए और 'प्लेयर ऑफ द मैच' व 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए, जबकि कोहली ने नाबाद 74 रन जोड़े। रोहित ने कहा, मुझे नहीं पता कि हम ऑस्ट्रेलिया वापस आएंगे या नहीं, लेकिन यहां खेलना हमेशा शानदार अनुभव रहा है।

### रोहित और कोहली को इस तरह खेलते देखना अच्छा लगा: शुभमन गिल

**सिडनी:** शुभमन गिल ने शनिवार को कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की शानदार पारियों ने उन्हें भारत के वनडे कप्तान के तौर पर पहली जीत दिलाने में मदद की। गिल ने तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट से मिली जीत को 'लगभग परफेक्ट मुकाबला' बताया। भले ही भारत तीन मैच की श्रृंखला 1-2 से हार गया, गिल ने मैच के बाद कहा, 'मैच लगभग परफेक्ट रहा। लक्ष्य का पीछा करते हुए देखना अच्छा लगा। रोहित और कोहली कई साल से ऐसा कर रहे हैं। उन्हें ऐसा करते हुए देखना अच्छा लगा। यह एक खास मैदान पर एक खास जीत थी। 'गिल ने चार विकेट झटकने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा और बीच के ओवरों में ऑस्ट्रेलियाई टीम को शांत रखने के लिए स्पिनरों की तारीफ की।



सिडनी में विराट कोहली के लिए उत्साह से झूमते प्रशंसक।

## ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटरों के साथ छेड़खानी का प्रयास, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### सुरक्षा प्रोटोकॉल पर फिर से विचार करेंगे, सुरक्षा और कड़ी करेंगे: बीसीसीआई सचिव सैकिया

**इंदौर:** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की दो क्रिकेटरों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना की कड़ी निंदा की और विश्व कप के नॉक आउट चरण से पहले सुरक्षा प्रोटोकॉल पर फिर से विचार करने तथा सुरक्षा को और कड़ा करने का वादा किया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान में कहा, 'यह बहुत निंदनीय लेकिन इकलौती घटना है। भारत अपने आतिथ्य के लिए मशहूर है। हम ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम राज्य पुलिस (मध्य प्रदेश) की तारीफ करते हैं कि उन्होंने दोषी को पकड़ने के लिए तुरंत कार्रवाई की।'

**इंदौर :** इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम की दो खिलाड़ियों के साथ छेड़खानी का प्रयास किया गया। एक बाइक सवार युवक ने दो खिलाड़ियों के साथ छेड़खानी की कोशिश की। यह घटना तब हुई जब दोनों खिलाड़ी होटल रैडिसन ब्लू से एक कैफे जा रही थीं। जैसे ही ये घटना हुई, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने तुरंत एसओएस नोटिफिकेशन भेजा। सूचना मिलने पर सुरक्षा कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। सुरक्षा अधिकारी डैनी सिमंस की शिकायत के बाद पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद आरोपी अकील खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। सूचना मिलने पर सहायक पुलिस आयुक्त हिमानी मिश्रा ने दोनों खिलाड़ियों से मुलाकात करके उनके बयान दर्ज किए। हिमानी ने बताया कि एक राहगीर ने संदिग्ध की मोटरसाइकिल का नंबर नोट कर लिया था, जिसके आधार पर आरोपी अकील खान को पकड़ लिया गया। अकील खान के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और मामले की जांच जारी है।

## किंग के सात विकेट, दक्षिण अफ्रीका को हरा ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ तय किया सेमीफाइनल

**इंदौर :** लेग स्पिनर अलाना किंग की करिश्माई फिरकी ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (7 ओवर में 18 रन देकर 7 विकेट) की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से हराकर लीग चरण में शीर्ष स्थान पक्का किया। अब ऑस्ट्रेलिया 30 अक्टूबर को नवी मुंबई में भारत के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेगा। भारत अपने अंतिम लीग मैच में बांग्लादेश को हराकर भी चौथे स्थान से ऊपर नहीं जा सकता। किंग की फिरकी के आगे दक्षिण अफ्रीका की टीम महज 24 ओवर में 97 रन पर ढेर हो गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने मात्र 199 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। यह प्रदर्शन न केवल किंग के वनडे करियर का सर्वश्रेष्ठ है, बल्कि महिला विश्व कप इतिहास में किसी गेंदबाज का अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन भी माना जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत थोड़ी खराब रही, जब सलामी बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड (5) और एलिस पेरी (0) जल्दी पवेलियन लौट गईं। इसके बाद बेथ मूनी (42) और जॉर्जिया वोल (नाबाद 38) ने तीसरे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी कर टीम को आसान जीत दिलाई।

## सोनिया रमन ने डब्ल्यूएनबीए में पहली भारतीय मुख्य कोच बनकर इतिहास रचा

**न्यूयॉर्क:** भारतीय मूल की सोनिया रमन ने सिएटल स्टॉर्म का मुख्य कोच बनकर डब्ल्यूएनबीए (महिला नेशनल बास्केटबॉल लीग) में नया इतिहास रच दिया है। वह इस प्रतियोगिता में किसी टीम की मुख्य कोच बनने वाली भारतीय मूल की पहली व्यक्ति हैं। इस घटनाक्रम से अवगत एक व्यक्ति ने गोपनीयता की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी। इसकी अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रमन पिछले सत्र में न्यूयॉर्क लिबर्टी में सहायक कोच बनने से पहले चार साल तक एनबीए के मेम्फिस ग्रिज़लीज़ में सहायक कोच थीं। वह डब्ल्यूएनबीए में मुख्य कोच बनने वाली भारतीय मूल की पहली कोच होंगी। सिएटल ने पिछले महीने कोच नोएल क्विन को बर्खास्त कर दिया था।



ईएसपीएन ने सबसे पहले इस नियुक्ति की सूचना दी। इस नियुक्ति के साथ न्यूयॉर्क एकमात्र ऐसी टीम है जिसके पास अभी भी कोई मुख्य कोच नहीं है। रमन का कोचिंग करियर एमआईटी से शुरू हुआ, जहां वह 2008 से 2020 तक मुख्य कोच रहीं। उन्होंने इस स्कूल को दो बार डिवीज़न तीन एनसीएए टूर्नामेंट में पहुंचाया और प्रतियोगिता के इतिहास में सबसे सफल कोच बनी।

## ऑस्ट्रेलियाई पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत का दबदबा, भगत ने जीते दो स्वर्ण पदक

**विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया):** पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने दो स्वर्ण पदक जबकि सुकांत कदम ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलियाई पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 में अपना दबदबा बनाते हुए पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भगत ने फाइनल में हमवतन मनोज सरकार को 21-15, 21-17 से हराकर पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। इसके बाद उन्होंने कदम के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 का खिताब अपने




नाम किया। फाइनल में उन्होंने उमेश विक्रम कुमार और सूर्यकांत यादव की हमवतन भारतीय जोड़ी को 21-11, 19-21, 21-18 से हराया। भगत ने कहा, ''मैं ऑस्ट्रेलिया में दो स्वर्ण पदक जीतकर बहुत खुश हूं। मनोज के खिलाफ मुकाबला कड़ा था, हम एक-दूसरे के खेल को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और जब हम आमने-सामने होते हैं तो यह हमेशा एक चुनौती होती है।'' कदम को पुरुष एकल एसएल4 में सूर्यकांत से 21-23, 21-14, 19-21 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत का शानदार प्रदर्शन जारी रहा और मानसी जोशी ने महिला एकल और रूथिक रघुपति के साथ मिलकर मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीते।

## रणजी ट्रॉफी इतिहास में एक पारी में पहली बार लगी दो हैट्रिक, अर्जुन और जांगड़ा ने किया कारनामा



**तिनसुकिया (असम):** सेना के गेंदबाज अर्जुन शर्मा और मोहित जांगड़ा ने शनिवार को असम के खिलाफ एलीट ग्रुप सी मैच में रणजी ट्रॉफी के इतिहास में दो गेंदबाजों द्वारा हैट्रिक लेने का पहला रिकॉर्ड बनाया। तिनसुकिया जिला खेल संघ मैदान पर खेले गए मैच के शुरुआती दिन 25 विकेट गिरे जिसमें असम की पहली पारी 103 जबकि सेना की पहली पारी 108 रन पर सिमटी। स्टंप्स के समय असम ने अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 56 रन बना लिये। असम के पास दूसरी पारी में 51 रन की बढ़त है और उसके पांच विकेट शेष है। दिन की शुरुआत में जांगड़ा ने चार ओवर में तीन विकेट लिये जबकि अर्जुन ने 6।1 ओवर में 46 रन देकर पांच विकेट लिए। सेना के बल्लेबाजों को भी हालांकि रन बनाने के लिए जूझना पड़ा। रियान पराग (25 रन पर पांच विकेट) और राहुल सिंह (44 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने सेना की पारी भी सस्ते में सिमट गयी। इस तरह असम ने मैच में जोरदार वापसी की लेकिन उसके बल्लेबाज दूसरी पारी में भी अब तक विफल रहे हैं। स्टंप्स के समय सुमित घाडीगांवकर (नाबाद 17) और शिवशंकर रॉय क्रीज पर थे। दिन की शुरुआत में पुलकित नारंग ने परवेज मुशर्रफ और दिनेश दास को खाता खोले चलता कर पांच रन पर दो विकेट चटका दिये। शर्मा ने इसके बाद पारी के 12वें ओवर में पराग (36) को आउट करने के बाद अगली दो गेंदों पर घाडीगांवकर और रॉय को आउट कर अपनी हैट्रिक पूरी की।

## सेमीफाइनल से पहले बांग्लादेश के खिलाफ अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगा भारत



**नवी मुंबई:** कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका भारत इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले रविवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले अपने अंतिम लीग मैच में अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगा। इंदौर में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले का विजेता अंक तालिका में शीर्ष पर रहेगा और 30 अक्टूबर को यहां सेमीफाइनल में भारत से भिड़ेगा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने पर भी भारत चौथे स्थान पर ही रहेगा। भारत बांग्लादेश पर जीत से अधिकतम आठ अंक तक पहुंच सकता है, लेकिन वह इंग्लैंड से पीछे रहेगा, जो नौ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और यदि वह रविवार को न्यूजीलैंड को हरा देता है तो उसके अंकों की संख्या 11 हो जाएगी। भारतीय टीम पर एक समय सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन उसने पिछले मैच में न्यूजीलैंड की चुनौती को विफल करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी और वर्षा से प्रभावित मुकाबले में 53 रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया।

समाज्ञा व्यापार

## नागर विमानन मंत्री नायडू ने दिल्ली हवाई अड्डे के नवनिर्मित टर्मिनल-2 का उद्घाटन किया

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने शनिवार को दिल्ली हवाई अड्डे के पुनर्निर्मित टर्मिनल-2 (टी2) का उद्घाटन किया। यह टर्मिनल रविवार से यात्रियों के लिए शुरू हो जाएगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा लगभग चार दशक पहले निर्मित यह टर्मिनल इस वर्ष अप्रैल 2025 में नवीनीकरण कार्यों के लिए बंद किया गया था। अब इसे आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है और इसकी वार्षिक क्षमता लगभग 1.5 करोड़ यात्रियों को संभालने की है। उद्घाटन समारोह में मंत्री नायडू ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया के सबसे बड़े नागरिक विमानन तंत्र में से एक बन सकता है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे को




अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए पूरी स्थानांतरण प्रणाली को अधिक कुशल और सुचारु बनाया जाना चाहिए। नायडू ने यह भी बताया कि यदि हवाई अड्डे की जगह का सही और प्रभावी उपयोग किया जाए, तो दिल्ली हवाई अड्डा सालाना लगभग 13 करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता रखता है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) में तीन टर्मिनल – टी1, टी2 और टी3 और चार रनवे हैं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि हवाई अड्डे की वार्षिक यात्री संचालन क्षमता 10 करोड़ से अधिक है। नागरिक उड्डयन मंत्री के रमोहन नायडू ने कहा कि सरकार हवाई अड्डों को विश्व-स्तरीय आवागमन केंद्र में बदलने के काम में तेजी ला रही है। उन्होंने कहा, दिल्ली उत्तर क्षेत्र के कुल यात्री यातायात का लगभग 50 प्रतिशत संभालता है और प्रतिदिन करीब 50,000 यात्रियों का स्थानांतरण करता है, इसलिए यह एक पसंदीदा आवागमन केंद्र बन रहा है। लगभग 40 साल पुराने टर्मिनल 2 को इस साल अप्रैल में नवीनीकरण के लिए बंद किया गया था। यह 25-26 अक्टूबर की दरमियानी रात से फिर से चालू होगा।

## विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद अदाणी की कंपनियों में स्वतंत्र रूप से निवेश किया: एलआईसी

**नयी दिल्ली:** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शनिवार को कहा कि उसने अदाणी समूह की कंपनियों में निवेश स्वतंत्र रूप से और विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद किया। कंपनी ने कहा कि ऐसा निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार किया गया था। एलआईसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक बयान में कहा, 'केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग या किसी अन्य निकाय की ऐसे (निवेश) निर्णयों में कोई भूमिका नहीं होती है।' एलआईसी ने बयान में कहा कि भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी बातों और विस्तृत जांच-पड़ताल के आधार पर विभिन्न कंपनियों में निवेश के फैसले लिए हैं।




भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इसका निवेश मूल्य 2014 से 10 गुना बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये से 15.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो मज़बूत फंड प्रबंधन को दर्शाता है। एलआईसी ने कहा कि उसने पिछले कुछ वर्षों में निवेश के फैसले कंपनियों बुनियादी आंकड़ों और जांच-पड़ताल के आधार पर लिए हैं। एलआईसी ने कहा, ''निवेश संबंधी निर्णय एलआईसी द्वारा विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद उसके निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार स्वतंत्र रूप से लिए गए।' कंपनी ने कहा, एलआईसी ने जांच-पड़ताल के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित किया है और इसके सभी निवेश निर्णय सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हित में, मौजूदा नीतियों, अधिनियमों के प्रावधानों और नियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन में लिए गए हैं।' यह बयान अमेरिकी अखबार 'द वॉशिंगटन पोस्ट' में प्रकाशित रिपोर्ट के जवाब में आया है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि एलआईसी को सरकारी अधिकारियों ने इस साल अदाणी समूह में निवेश करने के लिए प्रभावित किया था। जबकि उस समय अडानी समूह भारी ऋण में था और अमेरिका में जांच का सामना कर रहा था।

## पाकिस्तान का कुल सार्वजनिक ऋण 2024-25 में 286 अरब डॉलर के पार

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान का कुल सार्वजनिक ऋण जून 2025 तक 286.832 अरब डॉलर (80.6 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपये) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत अधिक है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के अनुसार, 'जून 2025 तक पाकिस्तान का कुल सार्वजनिक ऋण 80.6 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपये तक पहुंच गया है, जिसमें से घरेलू ऋण 54.5 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपये और बाहरी ऋण 26.0 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपये है। यह वृद्धि वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत अधिक है।'

## फेसबुक ने रिलायंस के एआई उद्यम में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**नयी दिल्ली:** अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के एआई उद्यम में मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक की फेसबुक ओवरसीज 30 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने शेयर बाजार को बताया कि उसकी रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। आरआईएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस इंटेलिजेंस और फेसबुक संयुक्त रूप से इस उद्यम में शुरुआती 855 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि रिलायंस इंटेलिजेंस लिमिटेड ने 24 अक्टूबर, 2025 को रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड का गठन किया। इसके मुताबिक, 'रिलायंस इंटेलिजेंस की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में भारत में निगमित आरईआईएल, मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी फेसबुक ओवरसीज इंक (फेसबुक) के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी होगी।'' आरईआईएल एंटरप्राइज एआई सेवाओं का विकास, विपणन और वितरण करेगा। कंपनी ने कहा, 'संयुक्त उद्यम समझौते के अनुसार, आरईआईएल में रिलायंस इंटेलिजेंस की 70 प्रतिशत और फेसबुक की शेष 30 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।' रिलायंस इंटेलिजेंस और फेसबुक ने संयुक्त रूप से 855 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। आरईआईएल के गठन के लिए किसी सरकारी या नियामक मंजूरी की आवश्यकता नहीं थी।

## कोटक महिंद्रा बैंक का मुनाफा दूसरी तिमाही में तीन प्रतिशत घटकर 3,253 करोड़ रुपये

**कोलकाता :** कोटक महिंद्रा बैंक ने शनिवार को बताया कि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकल लाभ तीन प्रतिशत घटकर 3,253 करोड़ रुपये रह गया। निजी क्षेत्र के इस बैंक ने एक साल पहले इसी तिमाही में 3,344 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कोटक महिंद्रा बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 16,239 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की इसी अवधि में 15,900 करोड़ रुपये थी। बैंक ने तिमाही के दौरान 13,649 करोड़ रुपये की ब्याज आय अर्जित की। एक साल पहले की इसी अवधि में यह आंकड़ा 13,216 करोड़ रुपये था। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) सालाना आधार पर 7,020 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,311 करोड़ रुपये हो गई। हालांकि शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) सालाना आधार पर 4.91 प्रतिशत से घटकर 4.54 प्रतिशत रह गया। सितंबर 2025 के अंत में बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 1.39 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले 1.49 प्रतिशत थी। शुद्ध एनपीए सालाना आधार पर 0.43 प्रतिशत से घटकर 0.32 प्रतिशत रह गया।

## सीबीआईसी ने 31 सीमा शुल्क अधिसूचनाओं को एक अधिसूचना में शामिल किया

**नयी दिल्ली:** व्यापार करने को आसान बनाने के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 31 सीमा शुल्क अधिसूचनाओं को एक अधिसूचना में शामिल किया है। यह अधिसूचना एक नवंबर, 2025 से प्रभावी होगा। सीबीआईसी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'सीबीआईसी ने एक व्यापार सुविधा उपाय के तहत 31 सीमा शुल्क अधिसूचनाओं को एक अधिसूचना में मिला दिया है।'' इसने आगे कहा कि इस कदम से प्रक्रिया को सरल बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने और व्यापार करने में आसानी होगी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3393 अंक 203, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in